तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 25 मई 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

10 सच्ची समाज सेविका थी अहिल्या बाई - सांसद


11 जिला निषाद समाज बालोद का वार्षिक अधिवेशन अब 2 जून को





मानसून आमतौर पर 1 जून के आसापास होता है सक्रिय, मौसम बदलने से 11 डिग्री गिरा पारा

# सुबह 60.8 मिमी से ज्यादा बारिश, 50 साल बाद दक्षिण पश्चिम मानसून के हफ्ते भर पहले आने की आहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

50 साल बाद ऐसी नौबत आई है कि दक्षिण पश्चिम मानसून एक सप्ताह पहले ही स्थापित हो गया। ये मानसून आमतौर पर सालाना 1 जून सामान्य तिथि को ही स्थापित होता आया है।

इस बदलाव के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां भी बन गई है। दुर्ग जिले में शनिवार की सुबह अच्छी बारिश हुई। यह बारिश भी तेज होने के बजाय रिमझिम होती रही। एक ही दिन में 60.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड किया गया है। जिसे पिछले 50 साल की तुलना में 17.9 मिलीमीटर सामान्य बारिश माना गया है। किसानों के भी चेहरे खिल गए हैं।



दुर्ग जिले में अब तक हुई बारिश

| स्थान | 2 मई | 4 मई | 17 मई | 18 मई | 22 मई |
|---|---|---|---|---|---|
| अहिवारा | 11.4 | 12.7 | 0.0 | 5.1 | 30.3 |
| भिलाई | 05.6 | 4.2 | 0.0 | 6.5 | 13.2 |
| बोरई | 20.6 | 3.0 | 19.0 | 0.0 | 07.0 |
| धमधा | 14.1 | 12.4 | 33.3 | 16.2 | 15.3 |
| दुर्ग | 20.8 | 000 | 2.6 | 4.4 | 16.6 |
| पाटन | 6.3 | 6.3 | 0.0 | 0.0 | 13.2 |

### पारा गिरा 11 डिग्री सेल्सियस

बारिश ने पारा को एक ही दिन में काफी नीचे गिरा दिया। अधिकतम तापमान में 11.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान में भी 5.9 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा।

### इस बार सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने के आसार

दुर्ग जिले में पूरे सीजनभर का कोटा पूरा होने के लिए 240 मिलीमीटर औसत बारिश की और जरूरत पड़ेगी। दुर्ग जिले के अहिवारा, पाटन, दुर्ग, भिलाई, बोरई, धमधा में वर्षा मापक यंत्र लगाया गया है। 2 मई से ही दुर्ग जिले में बारिश शुरू हो गई है। जो 24 मई तक जारी है। इस अवधि के बीच 2 मई, 4 मई, 17 मई, 18 मई , 22 मई और 24 मई को बारिश हुई।

### अगले तीन दिनों में पहुंचेगा मानसून इन हिस्सों में, जानिए

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों में मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, संपूर्ण गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ और भाग, कर्नाटक के कुछ भाग, तमिलनाडु के बचे हुए भाग, पश्चिम मध्य और उत्तर बंगाल के खाड़ी के कुछ और भाग, उत्तर पूर्व में स्थित राज्यों के कुछ भाग, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ और भागों में पहुंचने की संभावना है।

**ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय:** मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पूर्व मध्य अरब सागर से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक दक्षिण कोकण, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण महाराष्ट्र और उत्तर तेलंगाना होते हुए 1.5 किलोमीटर से 3.1 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिमी राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय उड़ीसा और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### तीन दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम

प्रदेश में 25 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थान पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और अंधड़ चल सकती है। उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर वर्षा हो सकती है। तीन दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा।

-डॉ. एचपी चंद्रा, मौसम विज्ञानी



# अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को 20 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफपीएससी अनिष दुबे ने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले एक युवक को 20 वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड दिया है। अभियोजन के अनुसार पीड़ित की मां ने 14 अगस्त 2023 को थाना-मोहन नगर में इस आशय की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा 23 साल का है छोटा बेटा 5 साल 10 माह का है। वह और उसका बड़ा बेटा रोजी मजदूरी कर अपना परिवार पालते हैं, उसका छोटा बेटा स्कूल से आने के बाद घर में अकेला रहता है। 14 अगस्त को उसे बुखार था और थोड़ा डरा हुआ था, तो वह बेटे से पूछने पर डरे सहमे बालक ने बताया कि 8 अगस्त 2023 को दोपहर लगभग 2 बजे मोहल्ले का भुरू और अपचारी बालक जब वे दोनों काम में चले गए थे, तो उसे अकेला देखकर जबरदस्ती घर में प्रवेश कर उसके साथ डरा-धमकाकर गलत काम किया। प्रार्थिया की उक्त लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी दुर्गेश निर्मलकर उर्फ भुरू एवं अपचारी बालक के विरूद्ध धारा 452, 377, 506, 34 भादवि तथा 4 पाक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत मोहन नगर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश निर्मलकर उर्फ भुरु पिता स्व. होरीलाल 30 वर्ष बाम्बे आवास मोहन नगर को गिरफ्तार कर विचारण के लिए चतुर्थ एफपीएससी अनिष दुबे की अदालत में प्रस्तुत किया। साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर मामले को दोषसिद्ध पाते हुए नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य करने वाले युवक दुर्गेश निर्मलकर को 20 वर्ष सश्रम कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड का आदेश पारित किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रुप वर्ष दिल्लीवार ने पैरवी की। किशोर न्यायालय दुर्ग में प्रस्तुत किया है। किशोर न्यायालय में मामला विचाराधीन है।

■ न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से आया फैसला

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** मध्य प्रदेश की शराब लाकर छत्तीसगढ़ में खपाए जाने के ढाई साल पुराने मामले में फरार आरोपी को धमधा पुलिस ने पकड़ा। आरोपी भट्ठी थाना अंतर्गत सेक्टर-2 निवासी हरपाल सिंह उर्फ गब्बर सिंह पिता उत्तम सिंह उम्र 28 साल बताया गया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि घटना 11 जनवरी 2023 की थी। ट्रक सीजी 07 डीडबलू 3630, टाटा सफारी सीजी 07 एडी 7300 और कार डटसन एमपी 09 डबलूएफ 2516 की गाड़ियों में मध्य प्रदेश की तरफ से अवैध शराब साल्हेवारा-गंडई मेन रोड होते हुए धमधा की ओर आ रही है। सूचना पर धमधा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान वाहनों को रुकवाया। तीनों वाहनों से 530 कार्टून में 28,35,500 रुपए की शराब जब्त की गई। मामले में पकड़े गए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पहले ही भेज दिया गया था।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पीड़िता को 3 साल तक थाने के चक्कर लगवाए

■ न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर फटकार के बाद आरोपियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संगीन मामलों में भी कानून की प्रहरी पुलिस इंसाफ के मंदिर न्यायालय को किस तरह हल्के में लेती है, इसका एक गंभीर ताजा मामला प्रकाश में आया है। नाबालिक लड़की के अपहरण और बलात्कार की घटना में आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना के जुर्म दर्ज नहीं करने पर पीड़िता की मां की गुहार पर दुर्ग न्यायालय द्वारा एक नहीं बल्कि दो बार अपराध दर्ज करने के दिए गए आदेश को ठुकरा दिया। इतना ही नहीं जब तीसरी बार अदालत ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना व जवाबतलब का फरमान जारी किया तो इसके दबाव में आदेश के एक दिन पूर्व छावनी थाना प्रभारी को 22 मई 2025 को अदालत में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कर लेने की कैफियत देनी पड़ी। यह मामला 2 साल पुराना 20 मई 2023 को छावनी थाना भिलाई का है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आखिरकार छावनी पुलिस ने कोर्ट के सख्त आदेश पर 3 वर्ष पूर्व कैंप 1 में एक नाबालिक किशोरी के हुए अपहरण, बलात्कार और पाक्सो एक्ट के चर्चित लंबित मामले में 3 आरोपियों के खिलाफ अब जुर्म कायम कर लिया है। थाना प्रभारी ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की दुर्ग की अदालत में इसकी सूचना देते हुए बताया कि आदेशानुसार आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। इस मामले में मुख्य आरोपी रितिक व सह आरोपी एम शोभा और एम बाला ▶▶ शेष पेज 12 पर

### दुष्कर्म बाद दिया बच्चे को जन्म मां ने की इंसाफ की गुहार

अदालत में परिवादी मां ने परिवाद बताया कि आरोपी पूर्व थाना प्रभारी से सांठगांठ कर पीड़िता नाबालिग बेटी को बालिग बताने के लिए कूट रचना कर उसका जन्म अस्पताल के बजाए घर में होने संबंधी अन्य परिजनों पर दबाव डालकर बयान करवा रहे थे। मकसद पीड़िता को बालिग बताना था। उसका वास्तविक जन्म तिथि 2007 पीएचसी एपी में है। वहीं पुलिस ने इतने लंबे समय तक मामले को लटकाए रखा और फरियादी को तीन तीन बार कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के संदर्भित आदेश के अनुसार पाक्सो एक्ट के तहत तत्काल पुलिस को जुर्म तर्ज करना है। नाबालिग की सहमति कोई माएने नहीं रखती बावजूद पुलिस ने तीन साल तक मामले को लटकाए रखा । गौरतलब हो कि मुख्य आरोपी ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर, दैहिक शोषण करने बाद गर्भवती बाद उसने सुपेला थाना में अगस्त 24 को बच्चे को जन्म भी दिया, जो एक साल का हो चुका है। पीड़िता को अब तक आरोपी अपने पास ही अज्ञात स्थान पर रखा है। आरोपी की मां ने एसपी, आईजी से शिकायत की है कि आरोपी 24 मई को मेरे घर में आकर परिवाद आपस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने व झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दे रहा है। वह हत्या का आरोपी रह चुका है लेकिन धमकाने के बाद भी वह खुले आम घुम रहा है। पुलिस कुछ नहीं कर रही है।

1.61 लाख का अवैध ट्रांजेक्शन

# बंधन बैंक के 13 खातों में ऑनलाइन ठगी के लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



अपने बैंक खाते का उपयोग ठगी के लिए दिए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई की। बंधन बैंक स्मृतिनगर के 13 खातों में संदिग्ध लेनदेन की खबर है। करीब 1.61 लाख रुपए का लेनदेन हुआ है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध धारा 317(2),317(4), 318(4), 61(2) ए बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों में प्रेम प्रकाश बांधे उम्र 19 साल निवासी हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग, फैजल अहमद उम्र 24 साल निवासी रामनगर सुपेला, देवेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी वैशाली नगर शामिल है। सायबर फ्राड में ठगी की रकम 52716 रुपए एवं खाता में कुल ट्रांजेक्शन 161084 रुपए होना पाया गया है। उपरोक्त तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू, निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम, उप निरीक्षक नवीन राजपूत, नीलकमल सलामे, राजेन्द्र गिरी मौजूद थे।

स्कूल में गलत काम की कोशिश

# बच्ची से गलत काम की कोशिश स्वीपर को पांच साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ स्कूल की जांच कमेटी रिपोर्ट सजा का बनी आधार

जामुल थाना अंतर्गत शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 5 साल की बच्ची से गलत काम की कोशिश के मामले में कोर्ट ने आरोपी स्वीपर को 5 साल की सजा सुनाई। उस पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय से यह फैसला आया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 20 जुलाई 2023 की है। आरोपी पुरानी बस्ती कोहका निवासी सूरज बंजारे (40 वर्ष) स्कूल में स्वीपर का काम करता था। वह बाथरूम की सफाई करता थी। इस दौरान आरोप है कि एलकेजी में पढ़ने वाली 4 साल 8 माह की बच्ची के साथ उसने गलत काम करने की कोशिश की। बच्ची के अंधरुहनी पाट्‌र्स पर हाथ लगाया। जामुल पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को न्यायालय ने 5 साल कैद और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।



# नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में सूखत के नाम पर 84 लाख रुपए की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्दिय बैंक के अधीन आने वाले नवागढ और नेवसा सोसायटी में दो साल के अंदर 84 लाख रूपए से अधिक की गडबडी कर राज्य शासन के खजाने को नुकसान पहुंचाया गया है। बैंक ने इस मामले को लेकर प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

उल्लेखनीय हैं कि, इन दोनो सोसायटी में प्रबंधक के प्रभार पर रहे कर्मचारी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से राशि निकालकर करीब एक करोड 80 लाख रूपए की गडबडी किए जाने पर आरोप पत्र भी जारी किया गया है। वही नवागढ और नेवसा सोसायटी में ही फिर से शार्टेज के नाम पर 84 लाख रूपए की गडबडी किए जाने की जानकारी आई है। शाखा नवागढ़ से सम्बद्ध नवागढ़ एवं नेवसा समिति के प्रभार के दौरान समिति प्रबंधक नरेन्द ठाकुर थे। समिति द्वारा जारी किए गए आरोप पत्र में कहा गया है कि, आपके द्वारा समर्थन मूल्य धान खरीदी का कार्य किया गया है, आपके द्वारा वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 में धान खरीदी कार्य के दौरान समितियों में आवश्यक व्यवस्था नहीं कराया गया, जिसके कारण अत्यधिक शार्टेज हुआ है एवं समितियों को आर्थिक अनुसान पहुंचाया गया है।

## जांच में पुष्टिः नवागढ़ और नेवसा सोसायटी में बारदाने में भी 28 लाख रुपए का घोटाला

### समिति के बैठक में दस्तावेजों की की गई जांच

नवागढ और नेवसा सोसायटी में वर्ष 2019-20 में 30 लाख 3271 रूपए और 2020-21 में दोनो सोसायटी में 54,73,221.84 रु. की अनियमितता मिली है। जबकि शासन उक्त वर्ष में 3 प्रतिशत धान शार्टेज पर छूट भी दिया गया है। उसके बावजूद आपके कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता से समिति को आर्थिक क्षति पहुंची है। समिति नवागढ़ में 30 जनवरी 2021 का अवलोकन में वर्ष 2020-21 में क्रय किये गये वस्तु की राशि भुगतान नियम विरुद्ध तरीके से राशि किया गया। वही बैठक 30 जनवरी 2021 के प्रस्ताव कतरी गिट्टी का बिल राशि 13,80,900-रु. धान उकाई 15300-रु. डेडस्टॉक 2.96.000-रु. एवं अन्य मदों में भी अत्यधिक खर्च कर कुल 39,00,183-रु. का बिल भुगतान किया गया है। इसके बाद बैठक 31 अगस्त 2021 की जांच में पता चला कि, धान परिवहन अतिरिक्त हमाली राशि 1 लाख 85175 रुपए एवं बारदाना खरीदी राशि 15 लाख भुगतान किया गया है, जो कि संदेहास्पद है।




### आरोप पत्र जारी

नवागढ और नेवसा समिति प्रबंधक को जांच के बाद आरोप पत्र जारी किया गया है। जवाब मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। **-एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग

### नेवसा समिति में भी मिली खामियां

समिति नेवसा के प्रबंधकारिणी की बैठक 22.जुलाई 2021 के प्रस्ताव में किसान राशि 20 लाख 11559 भुगतान नियम प्रक्रिया का पालन किये बगैर किया गया है, जो कि संदेहास्पद है। इसी प्रकार बैठक 15 फरवरी 2022 में कई मदों में अनावश्यक खर्च किया जाना पाया गया। जिससे समिति को वित्तीय हानि हुई है। इस तरह एक ही प्रबंधक द्वारा दोनो समिति में प्रभार के दौरान शार्टेज और बारदाने में 84 लाख से अधिक का चूना राज्य शासन को लगाया गया है। दोनो सोसायटी में सिर्फ बारदाने का ही 28 लाख वसूली निकल रहा हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्डों में जल जमाव से बचने हो रही सफाई

**दुर्ग।** वार्ड 46 पद्मनाभपुर क्षेत्र वार्ड में महासफाई अभियान चलाकर नालियों की तले से सफाई कराई गई। अभियान का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता महा अभियान को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में नियमित निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नए बन रहे सुआ चौक स्थित अटल परिसर का निर्माण पूरा सफाई करवाकर कार्य जल्द चालू किया जाए। इस अवसर पर विवेकानंद सभागार क्षेत्र, सुआ चौक, जनता मार्केट, एमआईजी कालोनी सहित अन्य क्षेत्र के नालियों की तले से सफाई कराई गई। उन्होंने कहा लगातार शहर के हर एक वार्डों में नाले-नालियों की पर सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। यह बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी की जा रही है।

### जयंती पर स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**दुर्ग।** अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती 21 से 31 मई तक आयोजित किए जाने का शासन से निर्देश प्राप्त हुआ है। अहिल्या बाई होलकर के जीवन गाथा के बारे में जन जागरूकता लाने स्वच्छता दीदियों के बीच में परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसमें समस्त स्वच्छता दीदियों का प्रोटीन चेकअप सभी स्वच्छता दिदियों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से बैकुण्ठधाम में आयोजित किया गया। जिसमें उनका बीपी, शुगर, अस्थमा, खून जांच, सर्दी, खांसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज किया गया। साथ में दर्जनों स्वच्छता दीदियों के जांच के बाद दवा वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा दीदीयों का हर माह स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## तैयारी : हर साल प्रदेश के दस हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

# आईटी पार्क के लिए एमओयू की तैयारी नंदिनी एयरपोर्ट का भी होगा कायाकल्प

आईटी पार्क के लिए 80 एकड़ जमीन के साथ ही कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में भवन भी बना हुआ है। इसके साथ ही बिजली और पानी की भी पर्याप्त उपलब्धता है, वही पालिटेक्निक कालेज के पास दस करोड की लागत से बने कामकाजी महिला हास्टल का भी उपयोग किया जाएगा। इसके आलावा दुर्ग में नलघर कांपलेक्स का उपयोग भी कार्यालय के लिए किया जाएगा। पार्क के नींव रखने के लिए भिलाई में आईआईटी होना भी प्लस में रहा, यहां से पार्क को रा-मटेरियल की उपलब्धता भी हो जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले लंबे समय के कयास के बाद जिले को आईटी पार्क की सौगात मिल जाएगी। पार्क के लिए शुरूआती दौर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसी संभावना है कि, तीस मई को राज्य शासन द्वारा और दो दर्जन बडी कंपनियों के साथ एमओयू किया जाएगा। जिसमें इजराइल सहित कई बडी कंपनियां शामिल हैं। आईटी पार्क के लिए यह जरूरी हैं कि, इसके आसपास एयरपोर्ट हो, इसके लिए भी बीएसपी के नंदिनी स्थित एयरपोर्ट को शुरू करने की कवायद तेज हो गई हैं।

बहरहाल इंफोसिस टीम द्वारा यहां जल्द ही निरीक्षण कर तकनीकि पहलुओं को मजबूत करेगी। शुरूआत में नगरनिगम के नलघर और कामकाजी हॉस्टल से इसका संचालन किया जाएगा। प्रदेश के दुर्ग में आईटी पार्क के नींव रखने की पहल दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने की थी। वे लगातार आईआईटी भिलाई के संपर्क में भी है। उल्लेखनीय हैं कि, प्रदेश का पहला आईटी (इंफरमेंशन टेक्नालाजी) पार्क का तमगा दुर्ग जिले को मिलेगी। इसके लिए पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही आईआईटी की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे निरिक्षण भी किया था। हाल ही में आईटी पार्क के संचालन के लिए नया बस स्टैंड स्थित नलघर कांम्प्लेक्स में कार्यालय बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसे एमआईसी ने सहमति भी दे दी हैं। यह पार्क पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास 80 एकड़ की जमीन पर बनना है। सूत्रों ने बताया कि, इजराइल सहित कई विदेशी कंपनियों ने भी यहां इन्वेस्ट करने सहमति जताई हैं। आईआईटी भिलाई ने मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस से भी इस बारे में बात की है और कई अन्य कंपनियां भी इस आईटी पार्क में आ सकती हैं। अब तक 23 कंपनियों के इन्वेस्ट करने की जानकारी मिली है। आईआईटी भिलाई के सहयोग से आईटी पार्क के प्रोजेक्ट को आगे बढाया जा रहा है।

### खास बातें

- रायपुर या दुर्ग में एमओयू करने की तैयारी
- जल्द पहनाया जाएगा अमलीजामा
- पालीटेक्निक कालेज के पीछे चालीस एकड जमीन पर बनेगा पार्क

### इसी माह के अंत में एमओयू करने की कवायद तेज



दुर्ग। 30 दिसंबर 2023 को आईटी पार्क के लिए किया गया था निरीक्षण।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष रखा था प्रस्ताव

एस्सपर्ट की माने तो आईटी पार्क के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में एक एयरपोर्ट होना चाहिए और नंदिनी एयरपोर्ट को इसके लिए विकसित करने का प्रस्ताव है। नंदिनी एयरपोर्ट को विकसित करके आईटी पार्क के लिए एयरपोर्ट बनाया जा सकता है। विगत दिनों सांसद विजय बघेल ने भी केन्द्रिय मंत्री राम मोहन नायडु से मुलाकात कर इसे फिर से शुरू करने की मांग की थी, जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया था। यह एयरपोर्ट भिलाई स्टील प्लांट के उपयोग के लिए बनाया गया था, जो वर्ष 1998 से बंद हैं।

### जमीन को लेकर चल रही माथापच्ची

विगत तीस दिसंबर 2023 को विधायक गजेन्द्र यादव और आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश की अगुवाई में मौके का निरिक्षण किया गया था। निरिक्षण के बाद सर्किट हाउस में घंटों चर्चा भी हुई थी। वही पांच जनवरी को भी इंफोसिस के साथ बैठक हुई थी, इसके लिए पानीटेक्निक कालेज के पीछे 80 एकड जमीन की उपयोगिता की प्लानिंग हुई थी। लेकिन जमीन को लेकर अभी तस्वीर साफ नही हुई है। हांलाकि पार्क के लिए वर्तमान में चालीस एकड जमीन को पर्याप्त माना जा रहा है। जिसकी उपलब्ध कालेज के पीछे होना बताया जा रहा है। उसी जमीन को हाउसिंग बोर्ड के नाम किए जाने की चर्चा से मशक्कत बढ गई हैं।

# केन्द्रों में मुख्यालय से ही सामग्री बांटने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के डेढ़ हजार से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों में करोडों रूपए की सामग्री बगैर गुणवत्ता जांच के वितरण कर दिया गया है। शुरूआती जांच में जिला कार्यक्रम अधिकारियों की सहमति की बात सामने आ रही है। जिले के जिम्मेदारी अधिकारियों की अनुमति के बाद ही परियोजना से सामग्री का वितरण किया गया था। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने कहा है कि, जल्द ही जांच रिपोर्ट मंगा ली जाएगी।

- जिले के बडे अधिकारियों ने बगैर जांच के आंगनबाडी

इससे पहले केन्द्रों में सामग्री खरीदी के लिए नगद राशि जाती थी। लेकिन वर्तमान में सामग्री वितरण किया जा रहा है, जिसके बाद से गुणवत्ता सही नही मिल रही हैं। कई सामग्रियों जैसे साबुल, फिनाइल, डिजर्जेंट पाउडर, लिक्विड के एक्सपायरी डेथ भी हो गए है। उल्लेखनीय है कि, इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को जांच के आदेश दिए है। जिले में करीब आठ परियोजना अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए इस तरह के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया हैं। जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

### वितरण के पहले सत्यापन का नियम

आंगनबाडी केन्द्रों में सामग्री वितरण के लिए उद्योग विभाग के अफसर टीम बनाकर जांच करते है। उनके सत्यापन के बाद ही केन्द्रों में सामग्री वितरण किए जाने का नियम है, लेकिन ऐसा नही कर ठेकेदारों के जरिए परियोजना कार्यालय से केन्द्रों में जिला मुख्यालय के अधिकारियों ने सामग्री की सप्लाई कर दी।

### रिपोर्ट मिली नहीं

जिला मुख्यालय के अफसरो के भूमिका की भी जांच हो रही है। जांच टीम बनाए गए है, पूरी रिपोर्ट अभी नही मिली है। **-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

### सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम उदासीन

**दुर्ग।** शहर में एक तरफ महासफाई अभियान चलाया जा रहा है वही दूसरी ओर मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट में मछली मार्केट के सामने ही सड़े गले फल, सब्जी के अपशिष्ट व कचरों का अंबार है। जिसे उठाने में नगर निगम कुछ दिनों से कोताही बरत रही है। कुशल मटियारा भागीरथी मटियारा, भागवत सपहा, पिताम्बर ढीमर, राजू ढीमर, दिलीप कुमार ढीमर, पेन्टर भाई, सादिक भाई, बसंतु ढीमर, जगमोहन ढीमर आदि ने नाराजगी जाहिर की है।

# सच्ची समाज सेविका थी अहिल्या बाई -सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजेंद्र पार्क दुर्ग में अभियान चलाया गया। इसी

- राजेंद्र पार्क में कार्यक्रम का आयोजन

तारतम्य में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर आधारित एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल, ललित चंद्राकर कैबिनेट



मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण थे। वहीं सुरेन्द्र कौशिक, जिलाध्यक्ष भाजपा, जितेन्द्र वर्मा निवृतमान जिला भाजपा अध्यक्ष, अल्का बाघमार महापौर, जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, प्रीतपाल बेलचंदन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सांसद ने कहा कि, सच्ची समाज सेविका थी। अमर वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर। हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है और गंगा के साथ में समस्ता वीरता पराक्रम कार्य प्रणता अखंडता एकता धर्म की भावना अध्यात्म की भावना ऐसी पुण्य आत्मा की धरती में ऐसी हमारी वीरता की समाधीत है। पुर्व की सरकार ने उन्हें भुला दिया था देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की जनता को समझना वीरता की प्रतीक हमारी माता अहिल्याबाई के चरीत्र को समझने कि जरुरत है ।

### रोमन पार्क में आज भी अधिवेशन

**दुर्ग।** भारतीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन का 17 वां अखिल भारतीय अधिवेशन 24 एवं 25 मई को रोमन पार्क होटल में किया जा है। इसमें अगले सत्र 2025 से 2027 तक संघ कार्य करने के लिए केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव करने के साथ कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा एवं निदान तथा आवश्यक हुआ तो आंदोलन की रूपरेखा पर भी निर्णय लिया जाएगा। 8 वें वेतन आयोग का गठन भारत सरकार ने कर दिया है। प्रथम वेतन आयोग से 6 वे वेतन आयोग तक एक स्थापित परंपरा थी कि वेतन आयोग से लगभग 600 केंद्र और राज्य के संगठन मीटिंग लेते थे जिसे कम्युनिस्ट संगठनों के दबाव में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने खत्म कर दिया था।

## स्वाभिमान मंच ने शहर में निकाली रैली, लगाए भारतमाता के जयकारे

# ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजेन्द्र पार्क में शनिवार को स्वाभिमान मंच द्वारा आपरेशन सिंदुर की खुशी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सभा में संबोधन के बाद मंच ने शहर में तिरंगा यात्री भी निकाली। इसके पहले जवानों और मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया। वहीं शहीद फौजियों के परिवारों का भी सम्मान किया गया।

- वीर शहीदों के बलिदान को लेकर सुनाई गाथा

तिरंगा यात्रा के दौरान ईट का जवाब अब पत्थर ही होगा, घर में घुसकर मारेगा अब हिंदुस्तान, भारत माता की जय जैसे नारों से आज दुर्ग का राजेंद्र पार्क गूंज उठा था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर वीर जवानों और मातृशक्तियों के सम्मान समारोह और दुर्ग जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने भी सौंपा गया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में शहीद फौजियों के परिवारों और मातृ शक्तियों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त फौजी, शहीद सैनिक परिवारों की महिलाएं एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय मातृशक्तियां एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे।




### परिजनों का बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों के रूप में मंचासीन कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की उपाध्यक्ष लता चंद्राकर, विहिप बजरंग दल के छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, उद्योगपति सुमन कन्नौजे एवं समाजसेवक गंगाधर जाधव ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया। भारत माता का श्रृंगार कर बालिका और फौजियों की वेशभूषा धारण किये बच्चों का तिलक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं ने भारत माता के जयघोष के साथ ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता और तरीकों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत सैनिकों और शहीद फौजी परिवारों को शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

कार्यक्रम के संबोधन के पश्चात एक शौर्य यात्रा के रूप में तिरंगा लिए भारत के जयघोष के यात्रा दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंची। जहाँ पर जिलाधीश के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित एसडीएम को पाँच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के मुख्य बिंदु स्कूल एवं महाविद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता की चर्चा हो, देश के सैनिकों के लिए सम्मान समारोहों का आयोजन हो, केंद्र सरकार और उसके कुशल नेतृत्व की जनसामान्य में व्यापक सकारात्मक चर्चा हो सहित अन्य बिंदु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के अलावा हेमलता सिंह , लालेश्वरी साहू, स्वीटी कौशिक, मिथिला खिचड़िया, उपासना साहू, रश्मि राजपूत, ममता राव, राखी विश्वास, प्राजकता देशमुख, पारस जंघेल, सुरेंद्र कौशिक, पुरसोत्तम देवांगन, विधायक ललित चंद्राकर व रिकेश सेन सहित अन्य उपस्थित थे।



# देश सेवा के बाद घर वापसी पर जवान का देवादा में हुआ स्वागत

# ऑपरेशन सिंदूर की बातें बताते जवान की आंखें आई भर, अलग-अलग राज्यों में दी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेलूद

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गांव देवादा में थल सेना के जवान 30 साल 4 दिन देश सेवा पूरी कर घर वापस पहुंचा तो लोगों की आंखें नम हो गई। जवान के गांव आगमन पर पूरे ग्रामीणों ने भारतमाता की जयकारे और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। देशभक्ति गीतों के साथ ग्रामीणों ने भारत माता की जयकारे लगाते पुष्प वर्षा करते हुए जवान को उनके घर पहुंचाया। घर पहुंचने पर जवान की माता शैलदेवी शर्मा ने आरती उतार कर तिलक लगाकर स्वागत किया। अपने बेटे को 30 साल बाद घर वापसी पर गले लगा। इस पल को देख कर उपस्थित लोगों की आंखें खुशी से छलक गए। आर्मी जवान प्रेम नारायण गांव में पहुंचते ही सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बने स्मृति कुंज पहुंचकर गांव के सभी सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।


बरसते पानी में भारत माता के जयकारों के बीच जवान प्रेमनारायण शर्मा का हुआ स्वागत।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

अपने गांव के आर्मी जवान के सम्मान में ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन के समीप किया गया। जहां पर सभी पंचायत पदाधिकारी एवं उपस्थित ग्रामीणों ने फूल माला के साथ स्वागत किया। ग्राम देवादा के रहने वाले प्रेम नारायण शर्मा अप्रैल 1995 में आर्मी मेडिकल ब्रांच में ज्वाइन किया था। इसके बाद लखनऊ में ट्रेनिंग पूरी की फिर मिलिट्री हॉस्पिटल शिलांग में पहली पोस्टिंग मिला। शर्मा देश अलग-अलग हिस्सों में ड्यूटी किया। शर्मा ने सेवाकाल के दौरान सियाचीन, लेह ,लद्दाख, श्रीनगर, जम्मू, पश्चिम बंगाल, मेघालय, आसाम, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश सहित अलग-अलग राज्यों में अपनी सेवाएं दी। प्रेम नारायण 1999 में कारगिल में तैनात थे इस दौरान युद्ध में घायलों की सेवा भी किया।

### सेना में भर्ती होने के कई फायदे

सेवानिवृत्त जवान ने गांव के नौजवानों से कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होने के बहुत सारे फायदा है। जिसमें नौकरी की सुरक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल, समय की पाबंद होना सहित अन्य फायदे है। गांव के कोई भी बच्चे फौज में जाना चाहता है उसे उनके द्वारा हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रमुख रूप से नीलेश्वर प्रसाद शर्मा, शैल देवी शर्मा, केपी शर्मा, नीलू वर्मा, राजेंद्र वर्मा , प्रवीण शर्मा, जयंत वर्मा, ईश्वरी वर्मा, गायत्री शर्मा, खिलेश वर्मा, पोषण वर्मा,भोला राम, पोषण शर्मा, राजू शर्मा,रविशंकर, लाला शर्मा, लक्ष्मीएनीलू वर्मा ,सोहन साहू, आलोक वर्मा, भोला राजू वर्मा, रविन्द्र शर्मा,राकेश वर्मा, जितेंद्र निर्मल, धर्मेंद वर्मा,ढाल सिंह, प्रज्ञा,प्रथा, प्रकृति, चंचल वर्मा, रामबाई ठाकुर,रमा वर्मा, सरिता साहू, शीला वर्मा,सीमा शर्मा, प्रभा वर्मा,सरस्वती वर्मा, पुष्पा यादव,गोपाल शर्मा, पंकज वर्मा ,पुष्कर साहू आदि मौजूद थे।

### ऑपरेशन सिंदूर की बातें बताते हुए जवान की आंखें आई भर

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब पाकिस्तानियों द्वारा बमबारी किया जा रहा था इस दौरान काश्मीर में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वहीं था। बमबारी को जवान के परिवार ने अपनी आंखों से देखा। उनकी पत्नी और बच्चे जमीन पर लेटकर अपनी सुरक्षा किए। भारतीय सेना द्वारा किए पाकिस्तानी हमला को किस तरह नाकाम किए इसके बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताए। साथ ही उन्होंने बताया कि पाकिस्तानियों द्वारा किए ड्रोन हमला में भारतीय सेना के कई जवान भी घायल हुए है। ऑपरेशन सिंदूर की बातें बताते हुए जवान की आंखें भर आया।

## खबर संक्षेप


### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों की हुई जांच



**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत पुरई में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 38 मरीज का जांच कर दवाई वितरण किया गया । सभी मरीजों का बीपी सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉ. आकाश साहू, छम्मन निर्मलकर, ललित कुमार साहू , चिम्मन ठाकुर, नीता देवांगन, भेनकुमारी यादव, प्रिया धनकर,राधेश्याम साहू, सरपंच डोमार साहू ,पंच छबी लाल साहू आदि मौजूद थे।

### शनि देव जयंती 27 को

**अंडा।** बाबा दरबार धनोरा दुर्ग के



तत्वावधान में महावीर उद्यान पर 27 मई को हर साल की भांति इस वर्ष भी शनि देव जयंती मनाया जाएगा। यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शनि देव की पूजा पाठ हवन धूपन एवं 3 बजे से खीचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## निधन

### गौतमचंद बैद

**जामगांव आर।** जामगांव आर



निवासी गौतमचंद बैद (बंदिश बैद) उतई वाले का 23 मई को निधन हो गया है। वे सुरेश, नरेश, सतीश बैद के भाई एवं सौम्य के पिता थे। अंतिम संस्कार उतई मुक्तिधाम में किया गया।

# गांव के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की भागीदारी आवश्यक होनी चाहिए: साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया जनसंपर्क



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, भरदा, आछोटी, चिंगरी, विनायकपुर, अंडा, कुथरेल एवं भानपुरी में जनसम्पर्क दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी उनकी मदद कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने ने कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पार्टी में नए लोगों के साथ महिलाओं एवं युवाओं को भी जोड़ने का आव्हान किया है।

साहू ने कहा कि पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधि गांव के विकास में पूरी ईमानदारी से सहयोग करने का आह्वान किया। इसमें सभी ग्रामीणों की भागीदारी आवश्यक है, ताकि गांव को स्वच्छ, सुसज्जित और समृद्ध बनाया जा सके। गांव के विकास के लिए, सभी ग्रामीणों को मिलकर काम करना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। साहू ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। गांव में होने वाले विकास कार्यों की निगरानी करनी चाहिए, ताकि वे गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हो और भ्रष्टाचार न हो।

गांव के विकास के लिए, समृद्धि भी महत्वपूर्ण है। लोगों को अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने और अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का अवसर होना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लांक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार,अध्यक्ष केश शिल्प कला बोर्ड नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, दीपिका चन्द्रकार, भारत चन्द्रकार,जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चंद्रकार, अशोक देवांगन, भुवन साहू, तालम चन्द्रकार, प्रताप विश्वकर्मा, धनेश साहू,माखन सिन्हा, योगन्द्र भारदीय, सुनीता जयप्रकाश भारदीय, योगेंद्र भारदीय, पोषण ठाकुर, भानुमति देशमुख, शिव नारायण दिल्लीवार, घनश्याम दिल्लीवार, बरातू दिल्लीवार,डॉ जे. डी चेलक, के. के चन्द्रकार, प्रवीण चन्द्रकार,अरविंद चन्द्रकार, मनीष चन्द्रकार,सरपंच चिंगरी पुष्पा बाग़मारे, विजय साहू, चंद्रभान बंजारे,शशि यादव, दुर्वशा चन्द्रकार,पूर्व मंडी डारेक्टर तारकेश्वर चंद्रकार, मीना सूर्यवंशी, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, इंद्रजीत देशमुख, प्रवीण चन्द्रकार, टिंकू ठाकुर,अनिल देशमुख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### समर कैंप आज से

**उतई।** केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ में 7 दिवसीय समर कैंप 25 से 31 मई तक आयोजित है। भिलाई प्राचार्य भुवनेश्वरी ने बताया कि भारत के विभिन्न भाषा-भाषी/ राज्य के 22 भाषाओं के विद्यार्थियों का चयन कर प्रत्येक दिन चार-चार घंटे कैंप का आयोजन होगा। इस कैंप में विद्यालय स्तर पर 75 से 100 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। कैंप में विद्यार्थियों में आत्म परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन में बातचीत की प्रथाओं के बारे में जानकारी, संस्कृति की सराहना आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों में बहुभाषावाद की समझ को समग्र रूप से तेज करने की कवायद की जाएगी। बच्चों में एक से अधिक भाषा सीखने के लिए रचनात्मक माहौल तैयार किया जाएगा। पहले दिन रोल प्ले, फ्लैश कार्ड के माध्यम से वर्णमाला से संबंधित अभिव्यक्तियों को बताया गया। दूसरे दिन ऑडियो-वीडियो के माध्यम से वर्चुअल शहर भ्रमण, बच्चों को कराया जाएगा। यातायात नियमों के बारे में समझाना आदि विषय पर बताया जाएगा।

### बाउंड्रीवाल के लिए 10 लाख स्वीकृत विधायक सेन ने सीएम को लिखा पत्र

**पाटन।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अटारी (खोरपा) में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त सेन समाज सामुदायिक भवन की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत करने के संबंध में अनुशंसा पत्र प्रेषित किया है। विदित हो कि 20 मई को जामगांव आर में ब्लॉक स्तरीय संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती मनाई गई थी। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। उनकी ओर से विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण सेन ने कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह के दौरान समाज के लोगों द्वारा अटारी स्थित सेन समाज सामुदायिक भवन की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल निर्माण की मांग रखी गई थी। इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक सेन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समाज हित में 10 लाख की राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की।

### सुशासन तिहार में प्रधानपाठिका के स्थानांतरण की उठी मांग



**पाटन।** नगर पंचायत के अटारी वार्ड में सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठिका का अन्यत्र स्थानांतरण की मांग की गई। प्राथमिक शाला अटारी के प्रधान पाठिका कमलेश्वरी साहू के अन्यत्र स्थानांतरण के लिए वार्ड-9 के लोगों ने सुशासन दिवस के लिए आवेदन दिया गया। वार्ड-9 के लोगों ने कुछ माह पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त प्रधान पाठिका को मध्यान्ह भोजन में अनियमितता, स्कूल फंड की राशि की गड़बड़ी, शाला विकास समिति की बैठक लंबे समय तक बुलाने एवं हमेशा अपनी मनमानी करने जैसे मामले को लेकर स्थानांतरण की मांग की थी। साहू को बरबसपुर स्कूल में पदस्थ किया गया था, लेकिन कुछ माह बाद ही फिर से अटारी स्कूल में पदस्थ करने से अटारी ग्राम के लोगों में आक्रोश है। इसलिए फिर से उक्त प्रधानपाठक को हटाने की मांग उठने लगी है। पूर्व पार्षद कमल किशोर वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के विरोध के बाद भी उक्त प्रधान पाठिका को फिर से वहीं पदस्थ करना आम जन का अपमान है। वर्मा ने कहा कि इतने विरोध के बाद भी उसी स्कूल में वापसी का कारण विकासखंड शिक्षा अधिकारी का मनमानी एवं मिलीभगत नजर आ रही है।

### जिला निषाद समाज बालोद का वार्षिक अधिवेशन अब 2 जून को



**अंडा।** ग्राम भिलाई में जिला निषाद समाज बालोद के वार्षिक अधिवेशन की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। किंतु आकस्मिक मौसम के खराब हो जाने के कारण और मौसम का पूर्वानुमान करते हुए छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद , बालोद जिला अध्यक्ष राजेन्द्र निषाद , उपाध्यक्ष संतोष निषाद , महासचिव सगन लाल विनायक व जिला के कर्मचारी प्रकोष्ठ ,युवा प्रकोष्ठ,महिला प्रकोष्ठ , जिला सलाहकार, सभी क्षेत्रीय संगठन के पदाधिकारी, और स्थानीय ग्राम भिलाई ( चीचा) के निषाद बंधु तथा डंगनिया परिक्षेत्र के अध्यक्ष तोरण पारकर की उपस्थिति में सर्व सहमति से जिला निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन को 2 जून को रखा गया है।

## अंचल व शहर की खबरें

### युवाओं ने किया रक्तदान, मिला सम्मान



**धमधा।** धमधा नगर के बजरंग चौक में युवा नेता तुषार सिंह राजपूत के नेतृत्व में सहारा बल्ड बैंक रायपुर के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर नगर के सारे जनप्रतिनिधि, युवा वर्ग के लोगों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में लोगों के लिए निःशुल्क शुगर, बीपी जांच किया गया। आयोजनतुषार सिंह राजपूत ने बताया कि साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक व भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के दिशा निर्देश में यह जन कल्याणकारी आयोजन करवाया जा रहा है। आज कल आए दिन सड़कों पर सड़क दुर्घटना बढ़ गई है। जिसके इलाज में अधिकतर खून की कमी पाई जाती है। सहारा बल्ड बैंक जैसे निस्वार्थ सेवा देने वाले समाजसेवियों द्वारा खून व्यवस्था करवाया जाता है। जिससे कई लोगों की जान बचती है। इस मौके पर अनमोल जैन,अंकित यादव, हर्ष सोनकर, उपेंद्र चंदेल,किसलय यादव, अयान अशरफी,देवांश दानी,हर्ष सोनकर,सुयश गुप्ता,ईशान यादव,आकाश राजपूत,अंश यादव,श्रेयांश देवांगन,वीर ताम्रकार,आर्यन राजपूत,शैलेंद्र निर्मलकर,महेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### समर कैंप समापन बच्चों को मिला प्रमाण पत्र



**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर समर कैंप का समापन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा एवं जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में 13 से 22 मई तक चला। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों एवं पालकों को धन्यवाद दिया। जो भीषण गर्मी में अपने बच्चों को समर कैंप में भेजे। इस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत दुर्ग के शिक्षा समिति के स्थायी समिति के सदस्य अजीत चन्द्राकर थे। सरपंच दिल्लीवार ने कहा कि बच्चों को अपने जीवन में अच्छी चीजों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। बच्चों द्वारा बनाए आर्ट एंड क्राफ्ट की बहुत प्रशंसा की। जनपद सदस्य चन्द्राकर ने कहा कि समर कैंप की वास्तविकता की तारीफ की। कक्षा पहली के बच्चे को हारमोनियम बजाते देखा। समर कैंप में बच्चों ने वाद्ययंत्रों को बजाया। तबला वादक तामेश्वर साहू ने बच्चों को सिखाया। संगीत शिक्षक खिलेन्द्र यादव ने बच्चों को सिखाने में अहम भूमिका निभाई। आर्ट एंड क्राफ्ट में बच्चों द्वारा सुन्दर फूल, लिफाफा, पेन रखने का स्टेन, घर सजावट का झालर बनाया गया। बच्चों द्वारा डाइंग बनाकर दिखाया गया जिसे अतिथियों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। समापन में संकुल प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भामिनी महार, स्मृति सोनी, मोती मार्कण्डेय,गोदावरी देवांगन, ललित बाई साहू, लक्ष्मी साहू, डा.भूषण दिल्लीवार, डॉ सी.डी.देवागंन ,दिनेश देशमुख, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर उपस्थित थे।

### उतई थाना प्रभारी को सरपंच ने सौंपा ज्ञापन



**उतई।** ग्राम पंचायत डूमरडीह के सरपंच धर्मेंद्र बंजारे ने उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि डूमरडीह में जो अवैध रूप से दारू, गांजा, सट्टा, कबाड़ी दुकान चल रही है। उसे तत्काल बंद कराया जाए। जिसके कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। डूमरडीह के चौक-चौराहे में तालाब किनारे और सार्वजनिक स्थल में शराब पीते, गाली गलौज करते मिल जाते हैं। जिस कारण डूमरडीह का माहौल खराब हो रहा है। ऐसे लोगों पर उचित कार्रवाई करने के लिए उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान डूमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, उप सरपंच कोमल बंजारे,पंच नवल किशोर, रविंद्र बंजारे, भगवत दास मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### 63 वर्षीय महिला की किडनी से कैंसर का जटिल ऑपरेशन सफल

**भिलाई।** दुर्ग स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सा क्षेत्र



की एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। यहां 63 वर्षीय महिला की किडनी में पाई गई कैंसरयुक्त गांठ को दूरबीन पद्धति (लैप्रोस्कोपिक तकनीक) से सफलतापूर्वक हटाया गया, वो भी किडनी को निकाले बिना। यह जटिल ऑपरेशन अस्पताल के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका द्वारा संपन्न किया गया। इस ऑपरेशन की खास बात यह रही कि कैंसर शुरुआती अवस्था में था और ट्यूमर को किडनी से अलग करना बेहद बारीकी का काम था। डॉ. दारुका ने अत्याधुनिक सूक्ष्म तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ट्यूमर को सटीकता से हटाया, जिससे मरीज की किडनी को निकालना भी नहीं पड़ा और कैंसर की सफल सर्जरी पूर्ण हुई। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत स्थिर है और वे तेजी से स्वस्थ हो रही हैं। डॉ. दारुका ने बताया कि "प्रारंभिक अवस्था में कैंसर पकड़ में आना और उसे बचावकारी तकनीक से हटाना एक चुनौती थी। लेकिन आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के चलते अब बिना पूरी किडनी निकाले भी कैंसर का इलाज किया गया। संभवतः यह संभाग की पहली सर्जरी है जिसमें किडनी को निकाले बिना कैंसर की सफल सर्जरी की गई" आरोग्यम हॉस्पिटल की यह सफलता न सिर्फ दुर्ग, बल्कि पूरे अंचल के मरीजों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरी है, जो अब बड़े शहरों की बजाय अपने ही क्षेत्र में उन्नत इलाज प्राप्त कर सकते हैं।

### सीएसईईटी की परीक्षा में विनायक ने सीजी में प्रथम व रैंक हासिल की



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में सीएसईईटी का परीक्षा परिणाम आया। जिसमें एबीएस से विनायक यादव ने छतीसगढ़ में प्रथम व आल इण्डिया लेवल पर टॉप 10 में स्थान बनाया है व करेंट अफेयर विषय में फुल मार्क्स लाकर इतिहास रचा है। इसके लिए कम्पनी सेक्रेटरी (आईसीएसआई) संस्थान नई दिल्ली के द्वारा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया है। अन्य छात्र रिया जैन (163), देबाशीष दास (156), मधुरा प्रवीन (148) परीक्षा पास कर गौरवान्वित किया है। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक राय ने बताया कि छात्रों ने काफी मेहनत की आन-लाईन परीक्षा दी और पास होकर अपना, अपने माता-पिता, संस्था व शिक्षकों का नाम रोशन किया। इनकी सफलता के पीछे बच्चों की कड़ी मेहनत, संस्था के शिक्षकों की कड़ी मेहनत, रेगुलर टेस्ट, रिवीजन तथा टेस्ट सीरीज है। संस्था में अनुभवी शिक्षकों की एक सशक्त टीम है जो छात्रों को प्रशिक्षित कर उन्हें गाईडेंस प्रदान करती है। जिसमें सीए भूषण चिपड़े, सीए अंकेश सिन्हा, सीए रजत अग्रवाल, सीएमए-सीएस देवाशीष गोस्वामी, सीएस जमशेद खान, सीए आकाश जसवानी, सीएमए युवराज पिपरिया, पारस पटेल, फिजा प्रवीन, प्रशांत पाण्डेय प्रमुख रूप से है। संस्था में सीए, सीएमए , सीएसईईटी, बी. कॉम की कक्षाये ली जाती है जिनके लिए नए सत्र के लिए कक्षायें प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी 141, न्यू सिविक सेंटर भिलाई व दुर्ग संस्था से ली जा सकती है।

### विजेता बच्चों को मिला प्रमाण पत्र



**भिलाई।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय जामुल में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के समापन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय व विशिष्ट अतिथि भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, मंडल महामंत्री नूतन वर्मा, विकास समिति के सदस्य बीआर रामटेके, ओमप्रकाश साहू, योगिता साहू मुख्यतः से उपस्तिथ रहे। जिसमे बच्चों ने रंगोली, चित्र कला, संगीत, योगा, खेलकूद, स्पोकन इंग्लिश आदि विभिन्न प्रकार के कला और शिक्षा ग्रहण किए। शिविर के समापन बेला में बच्चों द्वारा हमारी छत्तीसगढ़ की धरोहर बस्तरिया गीत पर नृत्य किया गया, सुदर सुंदर रंगोली , पेंटिंग, फूलों से सुदर मनमोहन ड्राफ्ट बनाई गई।

कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक माया मैडम और आभार पुष्पा देवांगन द्वारा किया गया। शिक्षकगण व स्टाफ में ऋषिकांत शुक्ला, एम वासनिक, संतोष जंघेल, प्रीतम बंछोर, दीप्ति रानी गुप्ता, मोना राय, अमिता तिर्की, भावना वर्मा, नीरज पंडित, संजना जायसवाल, विभा वासिन, शुभम गोविन्दनी, मुकेश सोनकर, दुलारी ध्रुव उपस्तिथ रहे।

## खबर संक्षेप



### म्यूल अकाउंट से अवैध लेनदेन, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** जिले में म्यूल अकाउंट के जरिए अवैध लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक ने ऑनलाइन ठगी का पैसा अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंट्री क्राइम, साइबर यूनिट और नंदिन पुलिस ने संयुक्त रूप से इस पूरे मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि म्यूल अकाउंट के धारक धर्मेन्द्र निर्मलकर जिसका अकाउंट एचडीएफसी बैंक में है। उस अकाउंट को चेक किया गया, जिसमें ठगी के पैसों का लेनदेन हुआ था। धर्मेन्द्र निर्मलकर से उसके अकाउंट में ठगी का पैसा आने के बारे में पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह अपना अकाउंट अपने दोस्त आकाश राजपूत को यह जानते हुये कि उक्त अकाउंट में ऑनलाइन ठगी का पैसा प्राप्त करने हेतु उपयोग करने दिया है। उक्त अकाउंट में 5 हजार रुपए ठगी का पैसा जमा हुआ था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में एसीसीयू से आरक्षक अजय गहलोत, अमित सिंह, जावेद, संजय, थाना प्रभारी मनीष शर्मा, उग्रसेन जगत, आरक्षक नागेंद्र साहू, खिलेन्द्र दिल्लीवार की भूमिका सराहनीय रही।

### दुर्ग राज झेरिया समाज की बैठक आज

**भिलाई।** दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज की आवश्यक बैठक 25 मई रविवार को टेकापार परिक्षेत्र के समाजिक भवन नगपुरा में रखी गई है। बैठक में जामुल, भिलाई, रुआबांधा, रिसाली, नेवई, दुर्ग, रिसामा, सुपेला, निकुम, पोटिया कला, डिपरापारा, टेकापार परिक्षेत्र पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से शामिल होंगे। बैठक सुबह 11 बजे सामाजिक भवन नगपुरा में होगी। यह जानकारी अध्यक्ष जीवन निर्मलकर ने दी।

### छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र

**दुर्ग।** शासकीय कन्या शाला मुंगेली की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत रिटेल विषय के व शिक्षक मोहम्मद मोहसिन हाशमी की देख रेख में दुकानों में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने व्यवसाय की बारीकियों को जाना।

# दो और बांग्लादेशी गिरफ्तार, पहचान छिपाकर कर रहे थे निवास

**कार्रवाई के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स ने लिया था हिरासत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले में लगातार बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हो रही है। शनिवार को दो और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिससे पता चला कि दो महिलाएं फर्जी और कूटरचित दस्तावेज बनाकर पिछले 8 साल से दुर्ग जिले में निवास कर रहे थे। आरोपियों के पास से सपना शर्मा एवं रानी पासवान के नाम से फर्जी दस्तावेज मिले हैं। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परीचय पत्र एवं बैंक पासबुक तक बनवा लिया था। दोनों के विरुद्ध बीएनएस 2023 विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1986 एवं भारतीय पासपोर्ट अधि. 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधि. 1920 के कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार को खबर मिली कि मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर में दो संदिग्ध बांग्लादेशी महिला अपनी मूल पहचान छिपाते हुए सपना शर्मा एवं रानी पासवान के नाम से रह रही हैं। इसके बाद एसटीएफ की टीम जांच के लिए पहुंची। दोनो महिलाओं के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इसके बाद दोनों के बांग्लादेशी होने का खुलासा हुआ। बता दें कि इससे पहले तीन बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। इसके अलावा एक रायपुर में पकड़ा गया था। इस प्रकार 6 बांग्लादेशियों की पहचान हो चुकी है।



### नाम बदलकर रह रहे थे, 15 साल पहले लांघी थी सीमा

जांच पता चला कि सपना शर्मा उर्फ सपना मंडल का वास्तविक नाम सनाया नूर है, जो मूलतः जोरहाट जिला दीनाजपुर बाग्लादेश की रहने वाली है। 15 साल पहले भारत-बाग्लादेश सीमा को अवैध रूप से पार कर भारत आई। 8 साल से चंगोराभाठा रायपुर में रह रही है। सनाया नूर ने 2019 में कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। अभय शर्मा नाम के व्यक्ति को अपना पति बताकर फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र तैयार कराया। वह इंटरनेट के माध्यम से बांग्लादेश के कई नंबरों से लगातार संपर्क में थी। इसी प्रकार रानी पासवान उर्फ खुशबू बेगम पिता जेर मोहम्मद निवासी जोबरहाट जिला दिनाजपुर बाग्लादेश भी निवास कर रही थी। उसने उत्तरी दीनाजपुर पश्चिम बंगाल एवं आसनसोल जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल में अलग-अलग जन्म तिथि एवं स्वयं को मूल निवासी होना बताया। जांच में जानकारी फर्जी निकली। बहरहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

**वर्षा का जल संरक्षित करने का सांसद ने दिलाई शपथ**

# भिलाई में चलेगा वाटर हार्वेस्टिंग कैंपेन, पानी सहेजने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन शहरी के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य था वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए सबको प्रेरित किया जाए। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि हम किस प्रकार से बरसात के समय अपने छत के जल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से धरती के डाल करके जल स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसके विभिन्न पद्धतियों के बारे में भी बताया गया। सामूहिक विचार विमर्श के दौरान दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने बताया पानी कि पानी की कीमत उनसे जाकर पूछा जाए जो लोग दूर-दूर से पानी भरकर लाते हैं। हमारे गांव की माताएं हमारे बड़े बुजुर्ग बहुत समृद्ध थे। पानी बचाने के लिए कुआ, तालाब, बावड़ी आदि बनवाते थे। अभी तो देखता हूं कि जहां पर रोज-रोज पानी आता है 1 दिन का पानी बासी हो जाता है दूसरे दिन उठाकर के नाली में नहीं बहा देते हैं। लोग क्या करते हैं एक गिलास पानी लेते हैं दो घूट पी के छोड़ देते हैं बाकी पानी बर्बाद हो जाता है जबकि पानी उतना ही लेना चाहिए जितना आवश्यकता हो। महापौर नीरज पाल ने कहा कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग अभी एवं आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। पहले 70 -80 फीट पर पानी आता था अब 200 फीट भी बोर कर देते हैं पानी नहीं निकलता है। इसका एक ही रास्ता है वर्षा का जल को अधिक से अधिक बचाया जाए।

**जल बचने से परिवार रहेगा खुशहाल**



### हार्वेस्टर के लिए किया जागरुक

आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि शास्त्रों में लिखा गया है जो जल का संरक्षण करता है पानी बचता है लक्ष्मी हमेशा उसके साथ रहती है। वह परिवार खुशहाल रहता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग विशेषज्ञ मधुर चितलांगिया ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह समझाया कि रेनवाटर हार्वेस्टिंग करने का अलग-अलग प्रकार का स्वरूप है। हम एक बार करवाते हैं सोचते हैं या हमेशा के लिए हो गया जबकि तीन चार साल में हमें रेनवाटर हार्वेस्टिंग वाले गड्ढे को फिर से साफ करना पड़ता है। आवश्यकता के अनुसार हम अपने घरों में फैक्ट्री में शासकीय कार्यालय में लगा सकते हैं।

### ये भी रखे अपने विचार

संगोष्ठी के दौरान अपने विचार रखने वाले नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य नेहा साहू जल विभाग के प्रभारी केशव चौबे, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, महेश वर्मा संतोष मौर्या, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने अपने विचार रखें। इस दौरान पार्षद नोहर वर्मा जोन आयुक्त अजय राजपूत, ऐसा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, बिल्डिंग परमिशन अधिकारी अरविंद शर्मा निगम के अभियंतागण, बिल्डर्स, इंजीनियर्स, हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, आदि सबके उपस्थिति में सांसद विजय बघेल ने सबको संकल्प दिलवाया कि हम सब लोग मिलकर के पानी को बचाएंगे, खुद पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगे, दूसरों को नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। आज हमारे लिए एवं आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण बहुत जरूरी है। इसकी शुरुआत अपने घर से करेंगे। नगर निगम भिलाई के तरफ से जिनके सुझाव बहुत उपयोगी थे उनको फलदार पौधा भेंट किया गया।

### ये दिए लोगों ने सुझाव

जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत अधिकारी बीएन पांडेय ने सुझाव दिया कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र 150 से अधिक उद्यान है उन उद्यानों के क्षेत्रफल के आधार पर तीन स्तरीय रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना चाहिए, जिससे वर्षा का जल रुक धीरे-धीरे करके धरती के अंदर चला जाए। बीएसपी के जल विभाग से रिटायर्ड श्री देवांगन ने बताया मैं 35 सालों से भूजल संरक्षण पर कार्य कर रहा हूं धरती के अंदर जो भी जल जाता है वह किसी ने किसी रूप में धरती के अंदर समा जाता है। अशोक इमानुएल एससीआर कंस्ट्रक्शन के तुलेश्वर राम साहू एवं मुनेश पांडे ने छत का पानी किस प्रकार से सिस्टम लगा करके सीधे बोरवेल में डाला जा सकता है इसके बारे में प्रेजेंटेशन दिए। उन्होंने बताया कि हर एक जगह का जमीन का स्तर अलग-अलग होता है उसके अनुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाना चाहिए। पत्रकार जगत से कोमल ने सुझाव दिया कि रविवार के बड़े-बड़े तालाबों को सफाई अभियान चल करके हम जन जागरूकता फैला सकते हैं। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव अजय भसीन ने सुझाव दिया हम सब व्यापारिक वर्ग नगर निगम भिलाई के साथ है मार्केट में सामूहिक रूप से रेनवाल वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाए। हम व्यापारी उसमें सहयोग करेंगे क्योंकि हर दुकानों के पास खुला जगह नहीं रहता है जहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाए जो भी लागत आएगी हम सब वहन करेंगे।

# आरटीई : जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की होगी जांच


आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार का शिक्षा माफियाओं ने निकाला नया तोड़

आरटीई में नया खेल...निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश

सत्यापन प्रमाण पत्र में निगम का सील और अधिकारी के हस्ताक्षर

संज्ञान में अभी आया है, जोन आयुक्त को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई में जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की जांच होगी। भिलाई निगम आयुक्त ने सभी जोन

- **हरिभूमि की प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर दिए निर्देश**

आयुक्तों को उनके क्षेत्रों से जारी वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट की सत्यता जांचने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेकर ये निर्देश निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने दिए हैं।

**वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट भिलाई निगम क्षेत्र का :** आरटीई के जिन बच्चों के पालकों के नाम पर बीपीएल सर्वे सूची का क्रमांक जारी किया है और उन्हे वर्ष 2007-08 के बीपीएल सर्वे सूची से मिलान किया जाएगा। बीपीएल सर्वे सूची जिला प्रशासन के वेबपोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध है। जिन बच्चों के ऐसे मामले हरिभूमि ने अपनी पड़ताल कर प्रकाशित किया है वे सभी भिलाई निगम क्षेत्र के अलग-अलग जोन से जारी हुए हैं। बकायदा इसमें निगम जोन का सील और राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। ये हस्ताक्षर वास्तव में निगम अधिकारी के हैं या नहीं यह जांच की जाएगी। सील मुहर का इस्तेमाल हुआ है वह कैसे हुआ यह भी पता चलेगा।

### जांच से बड़ा रैकेट का होगा पर्दाफाश

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के जांच करवाने से एक बड़ा रैकेट का पर्दाफाश होगा। दरअसल ये रैकेट शिक्षा माफिया चला रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस रैकेट द्वारा रसूखदार बच्चों के पालकों से मोटी रकम का सौदा तय हुआ। नामी गिरामी स्कूलों में फ्री में नर्सरी से आठवीं तक शिक्षा मिलने की आस में रैकेट के जाल में फंस गए। आरटीई पोर्टल में इस बार तकनीकी सुधार के बाद फर्जीवाड़ा का नया तरकीब निकाल ली।

### टीएल में आरटीई के दो और बड़े फर्जीवाड़े

दुर्ग जिला आरटीई फर्जीवाड़े का गढ़ बनता जा रहा है। शिक्षा माफिया और विभाग के कतिपय लोगों की मिलीभगत के साथ ही स्कूलों द्वारा भी फर्जीवाड़ा कर सरकार को चूना लगाया गया है। कलेक्टर ने टीएल बैठक में स्कूलों द्वारा यूडाईस में दर्ज संख्या के आधार पर कोटे से ज्यादा बच्चों को प्रवेश देने के मामले में जवाब-तलब किया है। नोडल अधिकारी द्वारा अपात्र किए गए बच्चों को किसी अन्य द्वारा पात्र कर देने के मामले में भी विभाग से जानकारी चाही है।

### जोन आयुक्तों को निर्देश

वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट किसके द्वारा जारी किया गया है इसकी जांच के निर्देश जोन आयुक्तों को हमने दे दिए हैं। जांच से ही स्पष्ट होगा कि सर्टिफिकेट सही है या गलत। उसके बाद आगे की कार्रवाई नियमत: की जा सकेगी।

**-राजीव कुमार पांडेय,** निगम आयुक्त भिलाई

### बीमारियों से बचाव के लिए प्रारंभिक तैयारी

**भिलाईनगर।** आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की अध्यक्षता में जिला मलेरिया विभाग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, शहरी परिवार कल्याण विभाग की एक दिवसीय जल जनित बिमारियों जैसे- उल्टी, दस्त, डायरिया, पीलिया एवं मच्छर जनित रोगो जैसे- डेंगू/मलेरिया से बचाव/रोकथाम के लिए जन समुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयाम सिंह आदि उपस्थित थे।

9 पेज का शेष...

**नाबालिग से दुष्कर्म के ....**

कैंप 1 सुंदर नगर है। इनके खिलाफ भादवि की धारा 376, 363,366 और धारा 450, 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज करने का आदेश कोर्ट ने दिया है। संपूर्ण मामले के अनुसार भिलाई निवासी नाबालिग लड़की की मां ने कैंप 1 में 20 मई 2023 को छावनी थाना पहुंचकर अपने बेटी के अपहरण व बलात्कार की शिकायत की थी। घटना के अनुसार 20 मई 23 को जब वह काम पर गई थी तो आरोपी रितिक 24, व बाला राजू 40 व शोभा 28 मेरे घर में घुसकर अकेली नाबालिग बेटी का अपहरण और उसके भाई रोहित के साथ मारपीट की। आरोपी रितिक ने पीड़िता का दैहिक शोषण किया और वह गर्भवती हो गई। आगे बच्चा भी पैदा हुआ। परिवादी मां ने छावनी थाना में फिर से 20 जून 2023 फिर 8 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज करने गुहार की, जब नहीं की तो थाना प्रभारी व एसपी दुर्ग 4 मार्च 24 को शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर परिवादी मां ने हाई कोर्ट बिलासपुर में रिट याचिका क्रमांक 155/24 दायर कर छावनी पुलिस के जुर्म दर्ज नहीं करने का हवाला देते हुए इंसाफ की गुहार की। हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि निचली अदालत में मामला पेश कर सकते हैं। इस पर फरियादी मां द्वारा अधिवक्ता अशोक शर्मा के मार्फत 156/3 के तहत प्रथम दंडाधिकारी जज जनार्दन खरे की दुर्ग कोर्ट में एफआईआर दर्ज कराने की गुहार पर इस अदालत ने 24 अगस्त छावनी पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र पेश करने का आदेश दिया था। बावजूद जब छावनी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुर्म कायम नहीं किया तो फिर परिवादी ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जज श्री नेताम की कोर्ट दुर्ग में 22 फरवरी 2025 को न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने संबंधी आवेदन दिया, जिस पर इस कोर्ट ने न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जज श्री खरे की कोर्ट के आदेश का पालन करने कहा। इस पर छावनी पुलिस ने अदालत को बताया कि श्री खरे के आदेश की ककांपी थाना में नही मिल रही है। कोर्ट ने पूर्व कोर्ट के आदेश का पालन करने का आदेश दिया। लेकिन जब फिर पुलिस ने जुर्म दर्ज नहीं किया तो पीड़ित की मां यानी परिवादी द्वारा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी दुर्ग की कोर्ट में अर्जी दाखिल कर पुलिस के अदालत के आदेश की अवहेलना करने व नाबालिग बेटी के आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की गुहार करने पर इस कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अवमानना के जवाब तलब के लिए छावनी थाना प्रभारी को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया। 21 मई 2025 को कोर्ट का नोटिस मिलने के बाद टीआई 23 मई को कोर्ट में उपस्थित होकर बताए कि अदालत के आदेश पर आरोपियों रितीक, बाला व शोभा के विरुद्ध छावनी पुलिस ने 22 मई को अपराध दर्ज कर लिया है। कोर्ट में एफआईआर की कांपी भी प्रस्तुत कर बताया कि मामले की जांच शुरु कर दी है।

## बीएसपी की प्रवर्तन टीम का बेदखली अभियान

**भिलाई।** बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग टीम द्वारा अभियान शुक्रवार को तीन बीएसपी आवासों को कब्जाधारियों से खाली कराया गया। इसमें एक लाइसेंसी आवास भी शामिल है। संबंधित क्वार्टरों 3जी/31/01, 2ई/32/01 और 3जी, क्रॉस स्ट्रीट-02, सेक्टर-2 को खाली कराकर मेंटेनेंस ऑफिस को सौंप दिया गया। प्रवर्तन अनुभाग टीम ने यह कार्यवाही करते हुए यह सुनिश्चित किया कि लाइसेंसी आवासों पर अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों को बाहर निकाला जाए। इसके तहत कुछ अन्य परिसरों के निवासियों को भी तत्काल आवास खाली करने का नोटिस जारी किया गया है। प्रबंधन ने जनता से अपील की है कि बीएसपी अपने आवासों को किराए पर नहीं देता है और न ही किसी आवंटी को बीएसपी आवास को किराए पर देने का अधिकार है। इसके बाद भी कुछ लोग बीएसपी के आवासों को अपनी संपत्ति बताकर अवैध रूप से किराए पर चढ़ा दे रहे हैं।



## टाउनशिप में बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



टाउनशिप में बिजली की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। बिजली की आंख मिचौली से परेशान लोगों ने इसकी शिकायत भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से की।

शनिवार को वे सेक्टर 5 स्थित विधायक के कार्यालय पहुंचे। बिहार दौरे से लौटने के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों से मुलाकात की। खुर्सीपार के लोगों ने भी अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए लोगों को मकान तोड़े जा रहे हैं। कई जगह में सीवर लाइन के लिए खुदाई करके छोड़ दिया गया है।

इस वजह से क्षेत्र के लोग बहुत परेशान है। इसके अलावा टाउनशिप के लोगों ने बार-बार बिजली गुल होने की जानकारी दी। 12 से 14 घंटे तक लाइट गुल होने से अवगत कराया। इसके अलावा कई सेक्टर के लोगों को बीएसपी नोटिस दे रहा है। व्यापारियों को नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। विधायक ने इन समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का निराकरण कराए जाने का भरोसा दिलाया।

**आज इप्टा के बीस दिवसीय नाट्य शिविर का समापन**

# बाल कलाकरों की होगी इंद्रधनुषी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में कल रविवार को ट्विनसिटी के नन्हें कलाकारों के टैलेंट से गुलजार होगा। बच्चे अपनी रंगप्रतिभा की इंद्रधुनषी प्रस्तुति देंगे। इप्टा भिलाई के बीस दिवसीय बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह पर नाटकों, डांस, गीतों और जनगीत की प्रस्तुति देंगे। 5 से 25 मई तक नाट्य शिविर का समापन समारोह प्रतिभावान बच्चों के साथ पालकों व दर्शकों के लिए भी यादगार रहेगा। शिविर में 80 से 100 बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। शुरुआत जनगीतों से होगी। इसके बाद चित्रांश श्रीवास्तव निर्देशित नाटक सर्कस सहित थाड़ दुवारे नंगा और अंधविश्वास और पैसों का पेड़ का मंचन किया जाएगा। पालकों के लिए अपने बच्चों को डांस व लोकनृत्य करते हुए देखना भी भावविभोर करने देने वाला अनुभव होगा। पचास से अधिक बच्चे मोहक डांस की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद राजनस्थान लोकनृत्य की प्रस्तुति होगी। बच्चों का देशभक्ति पाक पर भारत की विजय व फौजियों के शौर्य की याद दिलाएगा।



### युवा रंगकर्मियों ने तराशी है प्रतिभा

इप्टा व बीएसपी के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक व सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से आयोजित शिविर के समापन समारोह में विभाग के समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी, सुप्रियो सेन और दुष्यंत हरमुख,सहित इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव मणिमय मुखर्जी, सुचित्रा श्रीवास्तव रोहित रेड्डी, चित्रांश व चारु श्रीवास्तव, बीबी परगनिहा सहित रंगकर्मी बिरादरी और पालक उपस्थित रहेंगे। चित्रांश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में प्रतिभावान युवा रंगकर्मियों ने बड़ी मेहनत से बीस दिन बच्चों की प्रतिभा को तराशा है। आयोजन को विपरीत मौसम के बाद भी यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 25 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 प्रिंट की दुनिया

## लाइव इवेंट

### खुर्सीपार गेट पर आकर्षक पेंटिंग के जरिए ऐतिहासिक परिदृश्य और पर्यावरण संतुलन को उकेरा



**भिलाई।** खुर्सीपार गेट के पास केनाल रोड के ऊपर नगर निगम द्वारा आकर्षक कलाकृतियां बनाई जा रही है। शहर को सुंदर-स्वच्छ बनाने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। दीवारों पर आकर्षक और प्रेरणादायक पेंटिंग बनाई गई हैं, जो आमजन को जागरुक करने का संदेश दे रही हैं। दीवारों पर ऐतिहासिक परिदृश्य, पर्यावरण संतुलन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पानी बचाएं, स्वच्छ भारत मिशन व कचरे को कचरा पात्र में डालें जैसी शिक्षाप्रद थीम पर रंग-बिरंगे चित्र उकेरे गए हैं। यह पहल न केवल शहर की सुंदरता में इजाफा कर रही है, बल्कि लोगों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक भी कर रही है। दीवारों पर बनाई गई ये कलाकृतियां राहगीरों को जागरुक करने के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण में भी योगदान दे रही हैं। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दीवारों पर प्रेरणादायक पेंटिंग शहर को आकर्षक बनाने के साथ लोगों को समाज के प्रति जिम्मेदार भी बना रहा है।



## सिटी इवेंट

### सितार वादक डॉ. शर्मा बनीं संगीत विवि की वीसी को गीतांजलि महाविद्यालय ने किया सम्मानित



**दुर्ग।** शहर की एकमात्र संगीत संस्थान गीतांजली संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने इंदिरा गांधी कला संगीत महाविद्यालय खैरागढ़ की नवनियुक्त कुलपति डॉ. लवली शर्मा से मुलाकात की। डॉ. शर्मा सुप्रसिद्ध सितार वादक हैं। गीतांजलि महाविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. शर्मा से मुलाकात कर उन्हें कॉलेज की गतिविधियों से अवगत कराया। भविष्य में कुलपति द्वारा संगीत के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को होने वाली समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर गीतांजली संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीएन भोले, वरिष्ठ सदस्य कल्याण ठाकुर, प्रबंधक दिलीप इंगले, तबला वादक महेश देवांगन, छन्नू सेन उपस्थित थे। यह जानकारी सचिव एन. विश्वनाथ राव ने दी।

## सिटी इवेंट

### पुलिस के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला, नशे से दूर रहने की सलाह



**भिलाई।** मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति विषय पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल, इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल साइंस सेंट्रल इंडिया के निदेशक डॉ. प्रमोद गुप्ता, कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के अजय कल्याणी उपस्थित थे। विजय अग्रवाल ने कहा कि पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य के अच्छे-बुरे कार्य का प्रभाव पुलिस संगठन में पड़ता है। उन्होंने पुलिसिंग कार्य करने के साथ अपने पारिवारिक जीवन, सामाजिक जीवन तथा आर्थिक प्रबंधन में सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने की बात कही। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में कार्य करने वाले व्यक्ति को वर्दी के प्रति जनता में जो सम्मान है, वह तभी स्थापित होता है जब सभी उसके आदर्श स्वरूप को कायम रखते हुए कार्य करें। डॉ. प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मैं पुलिस विभाग से लम्बे समय से जुड़ा हुआ हूं। पुलिस के जवानों को मानसिक तनाव से मुक्ति हेतु सुझाव देता आया हूं। उन्होंने राजा परीक्षित के विचारों के संबंध में उदाहरण देते हुए मनोवैज्ञानिक विचार को विस्तार से समझाया।

● महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर के पुराने दोस्तों का एलुमनी मीट, 50 से ज्यादा पुराने छात्र हुए शामिल

# रि-यूनियनः 18 साल पुराने दोस्त आज बन चुके डॉक्टर-इंजीनियर, चम्मच से चना उठाने जैसे गेम्स में हंसी-ठिठोली के बीच पुराने दिनों को किया याद

35 साल की उम्र पार चुके श्री महावीर जैन विद्यालय के पुराने स्टूडेंट ने एक अनोखा कार्यक्रम रि-यूनियन नाम से मनगटा में आयोजित किया, जहां 50 से ज्यादा पुराने दोस्त बरसों बाद मिले। इसमें कुछ डॉक्टर थे, कुछ इंजीनियर, कुछ वकील तो कुछ बड़े कारोबारी। सभी ने एक-दूसरे को देखकर कहा तुम कितने मोटे हो गए, इन पुराने छात्रों में खूब मस्ती दी। मजेदार गेम्स का लुत्फ उठाया। सभी एक दूसरे से 18 साल बाद मिले और मिलने के दौरान सभी के चेहरे में अलग ही उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग भी लिया। पुरुषों के साथ महिलाएं भी इस आयोजन में शामिल हुईं, ऐसी भी महिलाएं थी, जो देश के अलग-अलग हिस्सों से सिर्फ इस आयोजन में शामिल होने पहुंची।





**दुर्ग।** महावीर जैन विद्यालय से पास आउट हुए इन पुराने बच्चों ने आपस में खुशियां साझ की। अपने करियर के उतार-चढ़ाव, अच्छे-बुरे दिनों के बारे में बताया। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सिंगिंग और डांसिंग से रिलेटेड कॉम्पिटिशन आयोजित किए गए। इसके साथ ही मुंह में चम्मच रखकर चने को एक थाली से दूसरी थाली में डालना, रस्सी खींचना, इशारों में गाना पहचानना, ब्लूटूथ लगाकर डांस का गाना पहचानना, गाने में आए सामान को पहचान कर पहले उठाना, गाने के आधे अधूरे शब्द पहचानना आदि का आयोजन किया गया। इस रियूनियन कार्यक्रम में डॉ. मृगया जैन, सीए दिनेश लालवानी, मोनिशा सोनी, रितु शर्मा, नेहा ठाकुर, एकता देवांगन, श्रद्धा बरडिया, सोनाली साहू, कंचन लोहानी, पूजा जैन, प्रीति सोनी, विनीता बंछोर, हिना जैन, सिद्धार्थ चंद्राकर, साकेत यादव, भंवर देवांगन, सोनू जैन, विनय जैन, शशांक जैन, वैभव साहू, मुकेश बनवासी, वर्तमान टाटिया, उमेश नायक, आदित्य जैन, भाविक टेलर, विश्वनाथ सेंगर आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन ऋतु, कंचन, पूजा, प्रीति, विनय, सोनू और शशांक ने किया। इस दौरान आयोजित चम्मच से चना उठाने की प्रतियोगिता में भंवर देवांगन ने श्रद्धा से जीत हासिल की। वहीं गाने से सामान पहचानने वाले में एकता, पूजा, सिद्धार्थ, उमेश, मोनिशा ने जीत हासिल की। वहीं लाला ल लाला में गाना पहचानने वाली प्रतियोगिता में सिद्धार्थ, मुकेश और साकेत ने जीत हासिल की। इसके बाद सभी ने खूब डांस किया, सेल्फी ली और स्कूल के दिनों को याद किया।

### पढ़ाई और जिंदगी में मिली उपलब्धियों को किया शेयर

महावीर स्कूल के इन स्टूडेंट्स द्वारा अपने टीचर को भी याद किया गया। इस एलुमनी मीट में सभी स्टूडेंट्स ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए खट्टी-मिठ्ठी यादों को एक दूसरे से शेयर किया। यह समारोह पूर्व छात्र-छात्राओं के रि-यूनियन के द्वारा संपन्न हुआ। पढ़ाई के दौरान की गई गलतियां, झगड़े और नाराजगी को याद किया गया। बताया गया कि वर्तमान में उनके साथ के स्टूडेंट्स डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, लेक्चरर और अन्य उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहें है। कार्यक्रम में कई भावुक क्षण भी आए जिससे विद्यार्थियों ने अपनी यादों को आपस में साझा किया। स्कूल के टीचर्स, स्टाफ के बारे में भी जानकारी ली गई।





### कार्यक्रम में हंसी-मजाक और डांस का सिलसिला देर तक चला

इस आयोजन में पुराने छात्रों ने अपने समय के शिक्षकों के पढ़ाने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की। उनसे जुड़ी कई दिलचस्प यादें ताजा की। पूर्व छात्रों ने अपने जीवन में स्कूल और शिक्षकों के योगदान को गर्व के साथ साझा किया। समारोह में हंसी-मजाक, डांस, गेम्स और कहानियों का सिलसिला चलता रहा। इन खूबसूरत पलों ने सभी को उनकी सुनहरी यादों से जोड़ा और जीवनभर के लिए नई यादें संजोने का मौका दिया। यह एलुमिनी मीट न केवल दोस्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम बना, बल्कि पुराने दिनों को याद करने और संजोने का भी अवसर बना।



# 8 बच्चों के चयन के साथ मचांदुर जिले में सेकंड टॉपर



**भिलाई।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा 2024-25 में दुर्ग जिले से कुल 4258 छात्र शामिल हुए। परीक्षा में दुर्ग जिले को कोटा के अंतर्गत 239 सीटें मिली। दुर्ग ब्लॉक से 133 चयनित हुए जिसमें सर्वाधिक चयन के क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मचांदुर के आठ छात्रों का चयन हुआ, जो सेकंट टॉपर रहा। चयनित छात्रों में रागनी साहू, लक्ष्मी साहू, मोनिका यदु, कुणाल देवांगन, हुलसी साहू, टिकेश्वरी निर्मलकर , यीशु, गरिमा ठाकुर हैं। शाला से लगातार इस परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त हो रहा है।

2021 में कुणाल चंद्राकर सेकंड स्टेट टॉपर, साल 2023 में कुमारी लक्ष्मी साहू पूरे छग़ स्टेट टॉपर रही। इस सफलता के पीछे शाला की शिक्षिका खेमलता गोस्वामी का प्रयास रहा। शाला की प्रधान पाठिका पूर्णिमा साहू ने बच्चों की तैयारी में विशेष ध्यान दिया। शाला के शिक्षक दुलारी ठाकुर, कविता देवांगन, मिलिंद चंद्र, प्रेमलता साहू ने सहयोग प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव, जिला नोडल पवन सिंह, डीएमसी सुरेंद्र पांडे, बीआरसी श्रवण सिंहा, ब्लॉक नोडल पोषण मारकंडे, संजय चंद्राकर, संकुल समन्वयक प्रणव मंद्रिक, सरपंच युगल किशोर साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधा साहू ने सभी छात्रों को बधाई दी।

# नंदिनी टीआई मनीष शर्मा हुए सम्मानित

**भिलाई।** पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में नंदिनी थाना के टीआई मनीष शर्मा सम्मानित किए गए। उन्होंने यह सम्मान बेहतर कार्यों के लिए प्रदान किया गया। मनीष शर्मा दुर्ग जिले के नंदिनी थाने में पदस्थ हैं। रायपुर में ऑनश्योर सिक्योरिटी कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक में उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अरुण गौतम प्रमुख रूप से मौजूद थे।




शनि जयंती महोत्सव पर मंदिरों में होगी विशेष साज-सज्जा, 56 भोग लगेंगे, होंगे शांति महायज्ञ

# भिलाई-दुर्ग में शनि जयंती 27 को, मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या के आयोजन की तैयारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शनि जयंती 27 मई को मनाई जाएगी। महोत्सव के तहत 23 मई से मंदिरों में आयोजन शुरू भी हो चुकी है। साधु-संतों और पंडितों के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। 27 मई को हवन-पूजन, श्रृंगार, सजावट महाआरती, भजन संध्या के साथ ही भंडारे भी होंगे। पुष्प बंगला सजेगा एवं 56 भोग लगाए जाएंगे। 108 किलो लड्डु का भोग लगेगा। इस अवसर पर कुछ मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ सहित अनुष्ठान अनुष्ठान होंगे। बुनकर संघ संतराबाड़ी स्थित शनि मंदिर में इस बार शनि देव की पूजन को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। पं. हितेश शर्मा ने बताया कि शनि देव गोचर के माध्यम से सभी 12 राशि में प्रभाव डाल रहे हैं। इस समय कुंभ, मीन और मेष राशि में साढ़े साती और धनु-सिंह में अढ़ैया चल रही है। भगवान शनि के पूजन से इसका असर कम होगा। शनि जयंती ज्येष्ठ मास की वटसावित्री अमावस्या के दिन मनाई जाती है। इस बार मंदिर में विशेष आयोजन की तैयारी है। सुबह यजुर्वेद के वैदिक मंत्रों से पूजन, जप और यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे 108 दीपों से विशेष आरती होगी। शाम को ही 108 लड्डु से महाभोग लगेगा। इसके अलाव भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। शहर के अन्य मंदिरों में भी शनि जयंती को लेकर तैयारियां की गई है।



### प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा में भी विशेष आयोजन

शहर के प्राचीन सूर्यपुत्र शनि मंदिर गंजपारा में भी शनि उत्सव की तैयारियां की गई हैं। मंदिर के आचार्य के अनुसार शनि मृत्युंजय रुद्र तिल अभिषेक होगा। तेल से भगवान शनिदेव का अभिषेक होगा। मुख्य उत्सव शनि जयंती के दिन 27 मई को मनाया जाएगा। इस दिन शनि शांति महायज्ञ, विशेष श्रृंगार दर्शन, भजन संध्या का आयोजन होगा। भगवान को विशेष भोग भी लगाया जाएगा। मंदिर में शनि जयंती पर ठीक 12 बजे शनिदेव की जन्म आरती होगी। प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

### शनिदेव मंदिर राधिका नगर में तीन दिवसीय आयोजन

शनिदेव मंदिर राधिका नगर में 25 से 27 मई तक शनिदेव जयंती उत्सव मनाया जाएगा। विश्व कल्याणार्थ यह आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे और शाम 5 से शाम 7 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। 25 की सुबह 8 बजे वेदी पूजन के साथ उत्सव की शुरुआत होगी। 26 मई को सुबह 8 बजे राम दरबार, माता सीता, हनुमान, भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 27 मई को सुबह 7 बजे शनिदेव का अभिषेक और श्रृंगार, महाप्रसाद चढ़ाया जाएगा। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विवाह बाधा, गृह क्लेश निवारण, नवग्रह शांति, शनि, राहू, केतु, मंगल दीप शांति, रूद्राभिषेक, यज्ञ सहित अनुष्ठान किए जाएंगे।

### सेक्टर-6 के शनेश्वर धाम और काली बाड़ी में भी आयोजन

शनि जयंती पर सेक्टर-6 के शनेश्वर धाम में भी उत्सव मनाया जाएगा। शांति यज्ञ, हवन-पूजन के साथ आरती होगी। प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार काली बाड़ी सेक्टर-6 में सुबह साढ़े 8 बजे नवग्रह अभिषेक, सुबह 11 बजे हवन, दोपहर 12 बजे आरती, दोपहर साढ़े 12 बजे महाप्रसाद चढ़ाने के साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सिविल लाइन स्थित शनि मंदिर में भी विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। शनि उत्सव को लेकर दुर्ग और भिलाई के अन्य मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न होगी।

## सिटी इवेंट

# मराठी और तेलुगू भाषा पर 25 मई से 31 मई तक लगेगा शिविर



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन 25 मई से 31 मई तक किया जा रहा है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत की विविधताओं को संजोने एवं विविधताओं में एकता को बनाए रखने के लिए विविध भारतीय भाषाओं की जानकारी आवश्यक है। भारत एक बहुत बड़ा देश है और इसकी सांस्कृतिक और भाषाई विरासत बहुत विस्तृत और बहुआयामी है। वर्तमान में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय विद्यालय संगठन के दिशा निर्देशों के अनुसार केंद्रीय विद्यालय में 25 में से 31 जून तक सात दिवसीय भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारत की संस्कृत समृद्ध विरासत को समझने के लिए भारतीय भाषाओं को समझना जरूरी है। भारतीय भाषा शिविर के प्रभारी रामाशीष चौहान ने बताया कि शिविर में मराठी व तेलुगु भाषा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विविध गतिविधियों के माध्यम से इन भाषा के मूल तत्वों को समझने समझाने का अवसर प्राप्त होगा। डॉ. आर्य ने बताया कि ज्ञान, भाषा के साथ ही हस्तांतरित होता है। भारतीयता का आनंद तभी ले पाएंगे जब भारतीय भाषाओं के साथ जुड़कर भारतीय विरासत को समझने की कोशिश करेंगे। बैठक में एम के बोरकर, डॉ. राखी श्रीवास्तव, सतीश धीवर, डॉ. अजय आर्य, रामाशीष आदि उपस्थित थे।

- **भारतीय भाषाएं भारत की समृद्ध परंपरा से जुड़ने का अवसर प्रदान करती हैं- उमाशंकर**
- **ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन**

## समाज लाइव

# सामाजिक एकता व परंपरा को सहेजने हुआ वार्षिक अधिवेशन



**भिलाई।** श्री चंद्रनाहू चंद्राकर कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में समाज के के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। जहां वे समाजिकजनों से भेंट कर हाल चाल जाना और आशीर्वाद लिया। यह आयोजन सामाजिक एकता, परंपरा और गौरवशाली विरासत को सहेजने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कोई भी समाज की ताकत उसकी संगठन शक्ति होती है संगठन के माध्यम से हम सभी काम आसानी से कर सकते हैं और हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि अपने बेटा-बेटी को खूब पढ़ाए और एक अच्छा संस्कार दे और आज के बदलते परिवेश में नशापान से दूर रहने उन पर नजर जरुर रखे। श्री चंद्राकर ने समाज अध्यक्ष से आग्रह किया कि अपने देश में एक देश एक चुनाव हो जिसके लिए राष्ट्रपति को समाज की ओर से एक पत्र भेजा जाएगा। इस आयोजन के लिए आयोजको को शुभकामनाएं देते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्विनी चंद्राकर नरसिंग, उपाध्यक्ष गोरेलाल चंद्राकर, भुगेंद्र चंद्राकर , पूर्व अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी, विनोद सेवनलाल चंद्राकर, गिरधरलाल चंद्राकर, मिथलेश चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, शिवकुमार राजेंद्र चंद्राकर, डॉ. कुंजलाल चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, लवकुश चंद्राकर, पेखन चंद्राकर, विमल चंद्राकर, टीकम चंद्राकर, नरोत्तम, राजेश, सत्यनारायण, चंद्रपाल सालिकराम चंद्राकर, याराम चंद्राकर, रामनारायण चंद्राकर, केंद्रीय प्रतिनिधि तुलसी चंद्राकर, सविता चंद्राकर सहित काफी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

- **श्री चंद्रनाहू चंद्राकर कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर**

## लाइव इवेंट

# पर्यावरण संरक्षण की थीम पर 1 जून को पेंटिग स्पर्धा का आयोजन

**भिलाई।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था रुआबांधा द्वारा 1 जून को पर्यावरण संरक्षण विषय पर ड्राईंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जल, जमीन, जंगल बचाओ, प्लास्टिक भगाओं के संदर्भ में, पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं ड्राईंग प्रतियोगिता का आयोजन रविवार एक जून को सुबह 6 बजे से कैम्प 1 वार्ड 28 के सामुदायिक भवन में आयोजित किया जायेगा। पर्यावरण संरक्षण से आक्सीजन का भंडारण थीम पर यह पेंटिग प्रतियोगिता आधरित हैं। जिसमें आने वाली पीढ़ी वृक्षारोपण के महत्व को जान सके। पेंटिग के माध्यम से जल, जमीन, जंगल मानव जीवन का अस्तित्व है। संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने छात्र-छात्राओं को कलर सामाग्री अपने साथ घर से लाना होगा। ड्राईंग शीट संस्था द्वारा प्रदान किया जायेगा। ड्राईंग प्रतियोगिता तीन श्रेणी में होगी। जिसमें प्रथम कक्षा पहली से पांचवी तक, द्वितीय श्रेणी कक्षा छठवीं से आठवीं तक, तृतीय श्रेणी नौवीं से बारहवीं तक। परिणाम घोषित होने पर छात्र-छात्राओं को रैंक के आधार पर पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने सभी प्रतिभागियों को पौने 6 बजे सामुदायिक भवन वार्ड 28 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगा।

- **अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउदेश्ययी संस्था द्वारा निशुल्क प्रतियोगिता**

## ट्विनसिटी में आयोजित निशुल्क योग शिविर में सभी आयु वर्गो के साथ महिलाओं की संख्या ज्यादा

# फिजिकली फिट और एक्टिव रहने महिलाएं ले रही प्राणायाम और योग का सहारा, करें योग-रहें निरोग, डेली रुटीन में बढ़ा आत्मविश्वास

**भिलाई।** गर्मी के मौसम में जहां एक ओर बच्चें समर कैंप में विभिन्न प्रशिक्षण लेकर अपने जीवन में रंग भर रहे है वहीं समाज की दशा और दिशा बदलने वाली परिवार की महिलाएं योग को तवज्जों देते हुए क्लासेस ज्वाइन कर रही है।

गर्मी के मौसम में योग क्लासेस का आयोजन जगह जगह किये जा रहे है। जिसमें सभी आयु वर्गो की महिलाएं उत्साह से सीखने पहुंचती है। योग से उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ तनावमुक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलती। सेक्टर 1 विवेकानंद पार्क में पिछले 9 सालों से योग सिखाने वाली योग शिक्षिका गीता दुबे का कहना है कि गर्मी के मौसम में महिलाओं के लिए योग एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरा है। ट्विनसिटी में विभिन्न स्थानों में योग क्लासेस में महिलाओं की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि वे अपने स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं। कांट्रैक्टर कालोनी हरा मैदान सुपेला भिलाई में योगा प्राणायाम शिविर का भी निशुल्क आयोजन किया जा रहा है जहां सभी आयु वर्ग के लोग योग सीख कर स्वस्थ हो रहे है।



### गर्मी में योगाभ्यास के लाभ



योगा सखी ग्रुप सेक्टर-1 की टीचर गीता दुबे ने बताया कि गर्मी के छुट्टियों के चलते घर पर बच्चों के साथ साथ उनके दोस्त और रिलेटिव घर पर ही रहते है जिससे घरुलू काम भी बढ़ जाते है। जिससे महिलाएं चिड़चिड़ापन और अवसाद से घिर जाती है। इन सबसे बचने का बेहतर विकल्प है कि सुबह प्राणायाम और ध्यान लगाएं जिससे मानसिक शांति मिलती है। शरीर को फिट रखने से न सिर्फ आप लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं बल्कि इसका फायदा आपके काम और करियर पर भी पड़ता है। जो लोग फिजिकली फिट और एक्टिव रहते हैं उन्हें करियर में कहीं ज्यादा फायदा मिलता है। अट्रैक्टिव पर्सनैलिटी पाने के लिए योगासन और प्राणायम डेली रुटीन में बेहतर विकल्प होते है। आधुनिक युग में योग हमारे दैनिक जीवन में काफी लाभदायक है।

### 1 जून तक नि:शुल्क योग प्राणायाम शिविर का आयोजन





भिलाई। गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर मुक्तिधाम भिलाई और पतंजली योग समिति दुर्ग के द्वारा हरा मैदान कांट्रैक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में योगा प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया है। 1 जून तक चलने वाले शिविर का उद्घाटन कॉन्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला के पार्षद लालचंद वर्मा, पतंजली योग सेवा समिति के राजेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र पटेल, शत्रुहन साहू, तीजऊ राम साहू, गायत्री प्रज्ञापीठ भगवती संस्थान रामनगर भिलाई के सहायक प्रबंध ट्रस्टी मोहन उमरे, संस्थान के कार्यकर्ता पेखन लाल साहू, दयाराम रौउतरे, बारेलाल चंद्रवंशी एवं सहयोगी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। लालचंद वर्मा ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा आयोजित योग और प्राणायाम का आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल है यहां लोग तन-मन से स्वस्थ रहने के गुर सीखेंगें। पतंजली के योगाचार्य राजेश तिवारी एवं नरेन्द्र पटेल ने कहा कि योग और प्राणायाम पतंजली की प्राचीन विधा है, हमारे शरीर के आतंरिक एवं बाहरी भाग का पुर्णतः चिकित्सा उपचार हो जाता है। वही गायत्री परिवार के मोहन उमरे ने बताया कि योग एवं प्राणायाम शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं शांत रखने के लिए किया जाता है। मोहन उमरे ने बताया कि यज्ञ एवं अन्य धार्मिक आयोजन के प्रारंभ में स्वस्तिवाचन के रूप में योग-मुद्रा में प्राणायाम की क्रिया कराया जाता है, जिससे हमारी जीवनी शक्ति बढ़ती है। 1 जून तक चलने वाला यह शिविर निःशुल्क है जो कि प्रतिदिन 2 घंटे सुबह 5 से 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में तन और मन को स्वस्थ रखने के अभ्यास के साथ-साथ योगाचार्यो द्वारा शारिरिक, मानसिक रोग समस्याओं का समाधान योग से किया जाएगा। योग शिविर व्यवस्था में चंद्रप्रकाश, शालीक राम साहू, उमा रौउतरे, योगेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू पेखन लाल साहू, पुरुषोत्तम जंघेल, बी आर श्रीवास, यशोदा साहू, रविनाथ दिलेश्वर साहू सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे है।

### 200 से अधिक देशों ने अपनाया

मोहन ने कहा कि आज हम आधुनिकता में घुसे हुए हैं और योग को छोड़कर डायटिंग की जीनवशैली पर निर्भर हो गए है। लेकिन आज विदेशी भी योग कर रहे हैं। 200 से अधिक देशों ने योग को अपनाया है आखिर विदेशी क्यों योग को अपना रहे हैं, क्योंकि योग में कुछ खास है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विश्व भर में आयोजन हमारी परंपरा और ऋषि-मुनियों की जीत है।

## आयोजन...

# संकुल स्तरीय समर कैंप 26 से 1 जून तक बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा का होगा विकास

**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की गतिविधियों से जोड़े रखने के लिए संचालक लोक शिक्षण संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के निर्देश पर भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन सेजस चरौदा में 26 मई से 1 जून तक किया जाएगा। इसमें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को उचित दिशा देते हुए राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना से भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।प्राचार्य जे.पी. श्याम के संयोजन व लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा के सहसंयोजन में आयोजित इस बाल केंद्रित समर कैंप में भारतीय भाषा के अंतर्गत तेलुगू, मराठी, छत्तीसगढ़ी व घुमंतू जनजातीयों की विशिष्ट भाषा वागरी से बच्चों को परिचित कराया जाएगा। वहीं प्रायोगिक अभ्यास के तहत हस्तकला, भारतीय अभिव्यक्त रेखाएं, रंगोली, मेंहदी, लोक वाद्य यंत्र निर्माण व वादन, नृत्य योग अभ्यास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों से संवाद आदि का निर्धारित किया गया है। समर कैंप आयोजन के लिए हुई बैठक में सरिता वैद्य, सुजाता, गीतिका पटेल, पारुल पांडेय, मयूरी फड़के, दीक्षा सोनवानी, केशव साहू शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्थानीय सहयोगी आर.लक्ष्मी आदि द्वारा अपनी रुचि के अनुरुप बच्चों को हस्तकला, मॉडल निर्माण, कैरियर गाइडेंस, योग व स्वास्थ्य शिक्षा सहित पशु-पक्षियों के संरक्षण, वृक्षारोपण, नशामुक्ति आदि की ओर भी बच्चों का ध्यान आकर्षित करने उन्हें अन्य गतिविधियां भी सिखाई जाएंगी। राम कुमार वर्मा ने बताया की चरोदा संकुल स्तरीय भारतीय भाषा समर कैंप के सभी को समापन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के हाथों प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस समर कैंप में चरोदा बस्ती, पंचशील नगर, पदुमनगर, समता कालोनी, बाजार चौक भिलाई 3, इंदिरा नगर चरोदा बस्ती के आसपास के कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थी सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक आवश्यक लेखन सामग्रियों के साथ स्वअनुशासित उपस्थित हो सकते है। कैंप में अभिभावकों की अनुमति जरुरी है, ताकि अवकाश के क्षणों का सही-सही और शैक्षिक उपयोग किया जा सके।



## ज्योतिष गणना

# 12 जून से थम जाएंगे विवाह कार्यक्रम पांच माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

**भिलाई।** जो लोग विवाह, सगाई, गृह प्रवेश या अन्य मांगलिक कार्यों की योजना बना रहे हैं, उनके लिए यह जानना जरुरी है कि 12 जून 2025 से शुभ कार्यों पर लंबा विराम लगने जा रहा है, जो लगभग 5 महीनों तक यानी 7 नवंबर 2025 तक रहेगा। इस विराम के दो प्रमुख ज्योतिषीय कारण हैं, गुरु तारा अस्त होना और देवशयन व चातुर्मास का प्रारंभ। ज्योतिषाचार्यो ने बताया कि 12 जून गुरुवार को आषाढ़ कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन गुरु (बृहस्पति) का तारा अस्त हो जाएगा। गुरु विवाह, विद्या और धर्म के कार्यों का मुख्य कारक माना जाता है। जब इसका तारा अस्त होता है, तो वैवाहिक और शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। यह स्थिति तब तक बनी रहेगी जब तक गुरु तारा फिर से उदित नहीं हो जाता। इस वर्ष गुरु तारा 5 जुलाई 2025, शनिवार को आषाढ़ शुक्ल दशमी के दिन फिर उदित होगा। हालांकि इसके तुरंत बाद भी शुभ कार्यों की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि उसी समय से चातुर्मास और देवशयन की अवधि शुरू हो रही है। देवशयन एकादशी के दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, और उनके जागने तक यानी 7 नवंबर (देवउठनी एकादशी) तक मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। इसलिए जिन परिवारों ने विवाह या अन्य संस्कार की योजना बनाई है, वे 12 जून से पहले ही मुहूर्त देखकर आयोजन करें, अन्यथा नवंबर तक इंतजार करना होगा।



### लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के 300वी जयंती मनी

अंडा। लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम में भगवान विष्णु धाम मंदिर ओटेबंद मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, ओटेबंद मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, महामंत्री तुलेश्वर (संजू) चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी सरपंच प्रमोद पटेल, महामंत्री ओटेबंद मंडल कार्यकारिणी सदस्य, पुखराज निर्मलकर, ईश्वर यदु, अगेश यादव, लोकेश साहू, लोकेश चंद्राकर, ओटेबंद सरपंच जीवन साहू, इंद्रजीत चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, हीरालाल साहू, राहुल जी, किशोर साहू, धर्मेंद्र धनकर, अनूप साहू, उत्तम साहू एवं हरि सिंह मौर्य आदि मौजूद थे।

## सेनजी महाराज की जयंती व शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

# सेन महाराज की जयंती पर होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट प्रतिभाएं की जाएंगी सम्मानित, तैयारी शुरू

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जंयती एवं जिला सर्व सेन नाई समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 27 मई को कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर दुर्ग में किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे संत सेनजी महाराज की पूजा अर्चना और भव्य कलश यात्रा से शुरू होगा। सर्व सेन समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष भीखम सेन ने बताया कि कार्यक्रम दिन भर चलेगा। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिले के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक व छत्तीसगढ़ में सेन समाज के प्रथम विधायक रिकेश सेन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के चेयरमेन नंदकुमार सेन करेंगे।

### प्रदेशभर से समाज जुटेंगे प्रमुख लोग



समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार करेंगी। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद कांकेर के अधयक्ष अरुण कौशिक, दुर्ग नगर निगम की पार्षद ममता ओमप्रकाश सेन, पार्षद रामचंद्र सेन, समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष विनोद सेन, सर्व सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष सेन, महासचिव रूद्र कुमार सेन, समाज के संरक्षक भूपेंद्र शंकर सेन और विमल सेन होंगे।विशेष अतिथि समाज के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन और विशिष्ठ अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, समाज के प्रांतीय सचिव भुवलाल कौशिक, पार्षद सुरूचि उमरे, समाज के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अधिवक्ता हरेंद्र उमरे और संरक्षक लक्ष्मीनारायण सेन होंगे।

### 27 को बंद रखा जाएगा सेलून समेत अन्य व्यवसाय

कार्यक्रम के अवसर पर 27 मई मंगलवार को समाज के लोग अपना सेलून व्यवसाय समेत अन्य सभी कारोबार को बंद रखकर सेनजी महाराज की जंयती व शपथ ग्रहण समारोह में परिवार सहित शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कई दौर की बैठक हो चुकी है। अलग-अलग कार्य के लिए समाज के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में समाज के चंहुमुखी विकास के लिए समाज के वरिष्ठजन अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम में खास कर समाज की महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ की इस कार्यक्रम में अहम भागीदारी होगी।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा,प्रतिभाएं की जाएंगी सम्मानित

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें समाज की कला प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में पंचायत व नगरीय निकायों में जनप्रतिनिधि के रूप निर्वाचित हुए समाज के राजनीतिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व समाज में विशिष्ट योगदान करने वाले सामाजिकजनों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन समेत उनकी पूरी कार्यकारणी को विधिवत शपथ ग्रहण कराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। सेलून व्यवसाय महासंघ के जिला अध्यक्ष संतोष सेन, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष किलेश्वरी उमरे और युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आकाश सेन अपनी टीम के साथ सहयोग कर रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बारिश ने खेल बिगाड़ा, दुर्ग-बिलासपुर बेनतीजा और बीसीए को बढ़त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को शानदार मुकाबले हुए। क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 भिलाई में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) विरुद्ध रायपुर ब्लू के बीच मैच हुआ। बल्लेबाजी करते हुए बीसीए टीम ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 13 रन से आगे खेलते हुए दो विकेट पर 32 रन बनाए। इसके बाद बारिश होने से मैच रोकना पड़ा। इससे यह मैच ड्रॉ रहा लेकिन पहली पारी की बढ़त के आधार पर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन को तीन अंक एवं रायपुर ब्लू को एक अंक मिला। दल्ली राजहरा में टीम दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर का मैच शनिवार को चौथे एवं अंतिम दिन बारिश के कारण नहीं हो सका। बल्लेबाजी में बिलासपुर की टीम पहली पारी में 203 रन पर आउट हो गई। टीम दुर्ग ने पहली पारी में 9 विकेट पर 172 रन बनाए थे। इस प्रकार यह मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ क्योंकि दुर्ग की पहली पारी पूरी नहीं हो सकी अतः दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिला। इसी तरह छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की सीनियर वुमेंस अंडर-23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शनिवार को मैच बारिश की वजह से पूरा नहीं खेला जा सका। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में जब बारिश शुरू हुई हुई उस वक्त का स्कोर टीम नॉर्थ जोन वर्सेस साउथ जोन में बल्लेबाजी करते हुए साउथ जोन ने 11.1 ओवर में 4 विकेट पर 76 रन बनाए। जिसमें ऐश्वर्या सिंह ने 27 रन, सृष्टि शर्मा ने 22 रन और मिताली यादव ने 11 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की किरण वर्मा ने 2 विकेट और दीपमाला मिंज ने एक विकेट लिए।

### फुटबॉल डी- सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स के लिए शामिल हुए खिलाड़ी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा एआईएफएफ डी- सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स का आयोजन 19 मई से 24 मई तक पंत स्टेडियम में किया गया। जहां पूरे छत्तीसगढ़ से 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कोचिंग कोर्स में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के द्वारा इंस्ट्रक्टर के रूप में मौलाली अली मौजूद थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सुबह एवं शाम थ्योरी एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से फुटबॉल के कोचिंग की बारीकियों के बारे में बताया गया। उन्होंने कोच के द्वारा दी जाने वाली कोचिंग से जुड़े कई बिंदुओं पर रोशनी डाली। कोचिंग कोर्स के समापन पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ जीडी गांधी, ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल, फारुख बेग, विजय भारत बिष्ट एवं प्रोतिम घोष उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल फेडरेशन कप में आदित्य और सिफ्तन चयनित



**रायपुर।** जिला हैंडबॉल संघ के 2 खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम में किया गया है। जो 23 से 26 मई तक गोरखपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में आदित्य चंद्राकर और सिफ्तन रजा शामिल है। यह दोनों खिलाड़ी पूर्व में भी कई राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम कोच के रूप में आशुतोष सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। चयनित सभी खिलाड़ियों को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, एतराम साहू, जिला संघ अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव समीर खान, कोच राजेश सरकार, रामप्रताप गुप्ता, जिला संघ सचिव सैयद इमरान अली, प्रमेश खरे खेल अधिकारी रावतपुरा महाविद्यालय, कपिल पेदरिया, रुपेश महिलांग, टिकेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, कौनन अहमद, मतिहास दास आदि ने बधाई दी है।

### इंदौर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए बनीं छत्तीसगढ़ टीम

**रायपुर।** 31वीं सब जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप (बालक/बालिका वर्ग) का आयोजन 25 से 31 मई तक अल्पाइन अकेडमी, इंदौर में होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रायपुर जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में प्रथम यदु,मितांश बजाज और अवनी तिवारी का चयन किया गया है।

## दुनिया भर में हर 300 में से 1 को सिजोफ्रेनिया की आशंका

# बना रहता है भ्रम और सुनाई देती हैं डरावनी आवाजें सिजोफ्रेनिया खतरनाक तरीके से पसारते जा रहा पांव

सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को भ्रम बना रहता है। ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं दुनियाभर में गंभीर चिंता का कारण बनी हुई हैं। हम सभी अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर तो ध्यान देते रहते हैं पर मेंटल हेल्थ को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधित कई समस्याएं काफी गंभीर हो सकती हैं?

सिजोफ्रेनिया ऐसी ही एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है, जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। आंकड़ों से पता चलता है कि दुनियाभर में लगभग 24 मिलियन (2.4 करोड़) लोग या 300 में से 1 व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत हो सकती है। सिजोफ्रेनिया एक दीर्घकालिक और गंभीर मानसिक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को वास्तविकता की धारणा में भ्रम होता है। ये व्यक्ति के व्यवहार, मानसिक स्थिति, सोचने-समझने की क्षमती सभी को प्रभावित कर सकती है।

विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस हर साल 24 मई को मनाया जाता है। इस साल भी देश और दुनिया में शनिवार को जनजागरुकता के कई कार्यक्रम हुए। इसका उद्देश्य इस गंभीर मानसिक रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों की सहायता में सुधार करने पर ध्यान देना होता है।



### सिजोफ्रेनिया और इसका खतरा

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां हर आवाज पर शक होता हो, हर चेहरा अजनबी लगता हो और खुद की सोच भी परायी लगने लगती हो। सिजोफ्रेनिया वास्तव में यही है। सिजोफ्रेनिया का आपके शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये बीमारी आपके मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित कर देती है परिणामस्वरूप रोगियों के लिए दैनिक जीवन के कार्य भी काफी कठिन हो जाते हैं।

### सिजोफ्रेनिया होने के कारण क्या हैं?



स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि सिजोफ्रेनिया बीमारी किसी एक कारण से नहीं होती, बल्कि इसके लिए कई जैविक, आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। अगर परिवार में किसी को सिजोफ्रेनिया की दिक्कत रही है, तो इससे अन्य लोगों में भी होने की आशंका बढ़ जाती है।

अध्ययनों से पता चलता है कि डोपामिन और ग्लूटामेट जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का असंतुलन मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बिगाड़ सकता है, इसके कारण भी सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भावस्था या प्रसव के दौरान संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, या पोषण की कमी से दिमागी विकास पर असर पड़ सकता है।बचपन में भावनात्मक आघात, अकेलापन, गरीबी या सामाजिक अलगाव भी सिजोफ्रेनिया को ट्रिगर कर सकती है।

सिजोफ्रेनिया में क्या दिक्कतें होती हैं?

सिजोफ्रेनिया आपके जीवन को कई प्रकार से प्रभावित करने वाली हो सकती है। मतिभ्रम होना सिजोफ्रेनिया का सबसे आम लक्षण है। इससे प्रभावित लोगों को भ्रम और डर बना रह सकता है, रोगी उन चीजों को भी वास्तविक मानने लग जाते हैं जो असल में होती ही नहीं हैं। रोगी को ऐसा लग सकता है जैसै कोई मेरा पीछा कर रहा है, मुझे मारने का प्रयास किया जा रहा है आदि। आपको लग सकता है कि कोई आपके सोचने, बोलने या कार्य करने को



नियंत्रित कर रहा है। बोलते समय आपको अपने विचारों को व्यवस्थित करने में परेशानी हो सकती है।अक्सर नकारात्मक विचार मन को परेशान करते रह सकते हैं, जिससे जीवन काफी कठिन हो जाता है।

### सिजोफ्रेनिया हो जाए तो क्या करें?

सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है जिसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। अगर आपको घर में किसी व्यक्ति में सिजोफ्रेनिया जैसे लक्षण दिख रहे हैं तो जल्द से जल्द मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के पास ले जाएं।




# नस चढ़ने के दर्द से आप भी रहते हैं परेशान तो जानिए इसकी वजह और आराम का तरीका

नस चढ़ने की समस्या ज्यादातर सोने के दौरान या खेलते-दौड़ते हो सकती है। कई बार ये उठते-बैठते, अंगड़ाई लेने और व्यायाम के दौरान भी हो सकती है। इससे शरीर के उस हिस्से में बहुत तेज दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है

क्या आपको भी कभी बैठे-बैठे या चलते हुए गर्दन-पैरों में अचानक तेज दर्द का अनुभव हुआ है? आमतौर इसे नस चढ़ने की समस्या माना जाता है। नस चढ़ना आम बोलचाल की भाषा है, जिसका प्रयोग उस स्थिति के लिए किया जाता है जब किसी व्यक्ति को अचानक किसी खास हिस्से में तेज दर्द, ऐंठन या खिंचाव महसूस होता है। ये दिक्कत मुख्यरूप से पैरों, हाथों या गर्दन में अधिक होती है। आमतौर ये मांसपेशीय ऐंठन की दिक्कत होती है, न कि नस से संबंधित कोई रोग। नस चढ़ने की समस्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो ये कुछ सामान्य से उपायों और दर्द निवारक दवाओं से ठीक हो जाती है, पर कुछ स्थितियों में आपको डॉक्टरीसहायता की भी आवश्यकता हो सकती है।

### नस चढ़ने की समस्या के बारे में जानिए



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, नस चढ़ने की ये समस्या ज्यादातर सोने के दौरान या खेलते-दौड़ते हो सकती है। कई बार ये उठते-बैठते, अंगड़ाई लेने और व्यायाम के दौरान भी हो सकती है। इससे शरीर के उस हिस्से में बहुत तेज दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है, लेकिन कुछ ही देर में यह दूर भी हो जाता है। शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी से रक्त संचार सही तरीके से नहीं हो पाता है, जिससे नसें चढ़ सकती हैं। हीमोग्लोबिन रक्त कोशिकाओं के जरिए शरीर के हर एक अंग में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब यह प्रक्रिया सही तरीके से नहीं हो पाती है, तो ऐसी समस्या हो सकती है। इसे दूर करने के लिए आयरन से भरपूर खाने को भोजन में शामिल करें। विटामिन -सी शरीर को लचीला बनाए रखने का काम भी करता है। इसकी कमी होने पर रक्त कोशिकाएं कमजोर होने लगती हैं, जिससे नसें एक के ऊपर एक चढ़ जाती हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर में पानी, सोडियम, पोटैशियम, कैल्शियम की कमी के चलते भी यह समस्या परेशान कर सकती है। डायबिटीज, अल्कोहल का ज्यादा सेवन, शारीरिक कमजोरी वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अनिल बंसल बताते हैं, नस चढ़ने की समस्या से बचने के लिए सोते समय पैरों के नीचे तकिया रख कर सोएं। इसके अलावा शरीर में पोटैशियम की कमी न होने दें। इन उपायों से राहत न मिले तो चिकित्सक से संपर्क करें।

### नस चढ़ने के इन कारणों को भी जानिए

नस चढ़ने के कई कारण हो सकते हैं जिनके बारे में आपको पता होना जरूरी है। ज्यादा शारीरिक मेहनत या व्यायाम (बिना वार्म-अप किए भारी व्यायाम) करने पर ये दिक्कत हो सकती है।



# एल्युमीनियम के बर्तन में कभी न गर्म करें ये चीजें, जानें क्यों?

एल्युमीनियम के बर्तन हल्के और जल्दी गर्म होने वाले होते हैं, इसलिए कई लोग दूध उबालने के लिए भी इनका इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूध को एल्युमीनियम के बर्तन में गर्म नहीं करना चाहिए। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड एल्युमीनियम के साथ रिएक्ट कर सकता है। इससे दूध का स्वाद बिगड़ सकता है और उसमें मेटल की गंध भी आ सकती है। इसके अलावा, बार-बार दूध उबालने से एल्युमीनियम बर्तन की सतह पर दाग पड़ सकते हैं या वह धीरे-धीरे घिस सकता है, जिससे बर्तन की क्वलिटी घट जाती है।

**क्या करें:** दूध गर्म करने के लिए स्टेनलेस स्टील या बोरोसिलिकेट ग्लास के बर्तन बेहतर विकल्प होते हैं। अगर आप इलेक्ट्रिक केटल या इंडक्शन का इस्तेमाल करते हैं, तो उसमें भी स्टील या सेफ कोटिंग वाले बर्तन ही इस्तेमाल करें।

### नमक या नमक वाला पानी

नमक में मौजूद सोडियम क्लोराइड एल्युमीनियम के साथ मिलकर एक रासायनिक प्रक्रिया शुरू करता है, जो बर्तन की सतह को धीरे-धीरे खराब कर सकता है। खासकर अगर आप नमक वाला पानी बार-बार उबालें या नमकीन खाना एल्युमीनियम बर्तन में पकाएं और उसे धोने में देर करें, तो इससे बर्तन की सतह पर सफेद धब्बे या काले निशान आ सकते हैं। इससे एल्युमीनियम के पार्टिकल्स भी खाने में मिल सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

**क्या करें:** नमक वाले पानी या खाने के लिए स्टेनलेस स्टील, कास्ट आयरन या नॉन-स्टिक बर्तनों का उपयोग करें। अगर एल्युमीनियम बर्तन में नमक वाला कुछ पकाया गया है, तो उसे तुरंत धोकर सूखा लें। एल्युमीनियम बर्तनों को सूखा और साफ रखने की आदत डालें, ताकि जंग लगने की संभावना न हो।



### रेडीमेड सॉस या पैकेज्ड फूड

खाना जल्दी बने इसके लिए हम फ्रोजन फूड को पका लेते हैं या फिर एल्युमीनियम में किसी तरह के सॉस को गर्म करते हैं। इन तैयार खाद्य पदार्थों में अक्सर प्रिजरवेटिव्स, एसिडिटी रेगुलेटर और अन्य केमिकल्स होते हैं, जो गर्म होने पर एल्युमीनियम से प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इससे भोजन का स्वाद बिगड़ सकता है। बार-बार इस तरह का खाना एल्युमीनियम में गर्म करने से शरीर में एल्युमिनियम पार्टिकल्स प्रवेश करते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

**क्या करें:** पैकेज्ड फूड या सॉस को गर्म करने के लिए ग्लास, सेरामिक या स्टेनलेस स्टील के बर्तनों का प्रयोग करें।अगर माइक्रोवेव में गर्म कर रहे हैं, तो BPA-free माइक्रोवेव सेफ कंटेनर का इस्तेमाल करें। एल्युमीनियम फॉयल में लपेटा हुआ खाना भी माइक्रोवेव या ओवन में गर्म करने से पहले हटा लें।इन टिप्स को आप भी नोट करें ।

# तकिए के नीचे गुलाब रखने से क्या होता है?



गुलाब को शांति और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि तकिए के नीचे गुलाब का फूल रखने से मन शांत होता है, तनाव कम होता है और जो लोग अनिद्रा या बुरे सपनों से परेशान रहते हैं, उन्हें इससे लाभ मिल सकता है। तकिए के नीचे गुलाब के फूल रखने से व्यक्ति को कभी भी नकारात्मक ऊर्जा का सामना नहीं करना पड़ता है। ज्योतिष में गुलाब का संबंध शुक्र ग्रह से माना जाता है, जो प्रेम, सौंदर्य और वैवाहिक सुख का कारक है। तकिए के नीचे गुलाब रखने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है, जिससे सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

### ज्योतिष शास्त्र में गुलाब के फूल का महत्व

गुलाब की खुशबू का संबंध शुक्र ग्रह से माना जाता है। शुक्र ग्रह प्रेम, सौंदर्य,सुख-सुविधाओं और वैवाहिक जीवन का कारक है। इसलिए तकिए के नीचे गुलाब रखकर सोने से सौंदर्य में निखार आता है। आपको बता दें, गुलाब का फूल मां लक्ष्मी को समर्पित है। इसलिए तकिए के नीचे गुलाब का फूल रखने से व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और जीवन में कभी भी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। वहीं लाल गुलाब मंगल ग्रह का कारक है। इसलिए अगर आप अपने तकिए के नीचे लाल गुलाब के फूल रख रहे हैं तो इससे व्यक्ति की कुंडली में स्थित मंगल की स्थिति मजबूत हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति तकिए के नीचे गुलाब के फूल रखकर सोता हैं। उसके जीवन में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है और जीवन में कभी भी किसी बाधा का सामना नहीं पड़ता है।

## कार्नर न्यूज

## हर माता-पिता को बड़ी सावधानी से करनी चाहिए बच्चों की परवरिश

# बच्चे की परवरिश करते हुए न करें माता-पिता ये गलतियां, भारी पड़ सकती है आपको एक भूल

हर माता पिता को बच्चे की परवरिश के दौरान कुछ गलतियों या त्रुटियों से बचना चाहिए । आइए जानते हैं बच्चे के पालन पोषण के दौरान माता-पिता को क्या काम नहीं करना चाहिए। बच्चे के जन्म के साथ हर कपल की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। माता-पिता बनने वाला कपल अपने बच्चे को अच्छी परवरिश देना चाहता है। हर माता पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा उच्च शिक्षा हासिल करें, सद्कर्म और व्यवहार कुशल हो। लेकिन बच्चे के व्यवहार और उसके जीवन पर माता-पिता की परवरिश का प्रभाव पड़ता है। जैसी परवरिश आप अपने बच्चे को देते हैं, बच्चा बड़ा होने पर वैसा ही मार्ग अपना सकता है। वैसे तो हर माता पिता अपने बच्चे को अच्छी परवरिश ही देना चाहते हैं लेकिन भूल वश या अनजाने में वह परवरिश के दौरान कुछ गलतियां कर जाते हैं। यही गलतियां बच्चे के भविष्य पर भारी पड़ सकती हैं। इसलिए हर माता पिता को बच्चे की परवरिश के दौरान कुछ गलतियों या त्रुटियों से बचना चाहिए । आइए जानते हैं बच्चे के पालन पोषण के दौरान माता-पिता को क्या काम नहीं करना चाहिए।



### तुलना करना

अक्सर माता-पिता अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करते हैं। जैसे, देखो वो कितना होशियार है। इससे बच्चे के आत्मविश्वास में कमी आती है और वह हीन भावना से ग्रसित हो सकता है।

### ज्यादा डांटना या मारना

हर छोटी बात पर डांटना या मारपीट करना बच्चे को डरपोक या विद्रोही बना सकता है। डर के कारण बच्चा अपनी बात खुलकर नहीं कह पाता।

### मोबाइल या टीवी का उपयोग

जब बच्चा रोता या जिद करता है या उसे व्यस्त रखना होता है तो माता पिता बच्चे को टीवी या मोबाइल का उपयोग करने देते हैं। बच्चे को शांत करने के लिए बार-बार मोबाइल देना उसके विकास में बाधक बन सकता है। इससे उसका ध्यान कम लगता है और बातचीत की क्षमता भी प्रभावित होती है।



### भावनाओं को नजरअंदाज करना

जब बच्चा उदास या परेशान हो, तो उसकी भावना को हल्के में लेना या टालना उसे अंदर से अकेला कर देता है। बच्चे के मनोभावों का समझें, न कि उसकी बातों को इग्नोर करें।

### 'ना' कहना

हर बात पर मना करना बच्चे में जिद्दीपन और विद्रोह की भावना पैदा कर सकता है। जरूरी है कि माता-पिता समझदारी से 'हां' और 'ना' का संतुलन रखें।

### ओवरप्रोटेक्टिव होना

बच्चे को हर समय रोकना-टोकना या उसकी हर चीज में दखल देना, उसकी आत्मनिर्भरता को रोकता है। उसे खुद से चीजें समझने और अनुभव लेने का मौका देना जरूरी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# एवेंजर्स के फैंस का बढ़ा इंतजार, 'डूम्सडे' और 'स्टार वॉर्स' की रिलीज डेट टली

मार्वल स्टूडियो के निर्माताओं ने आगामी दो सबसे बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट को टाल कर एवेंजर्स के प्रशंसकों को दुखी कर दिया है। वैरायटी की रिपोर्ट के



अनुसार ये दो बड़ी फिल्में 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स', इन्हें अब पहले जारी हुई रिलीज तिथि से 7-8 महीने बाद रिलीज किया जाएगा। इतना ही नहीं, इसके कारण कई फिल्मों के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगी फिल्म।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के नई तिथि की घोषणा की गई हैं। 'एवेंजर्स-डूम्सडे' अब 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज होगी, जो पहले 1 मई, 2026 को रिलीज होने वाली थी, यानी कि कुल सात महीने बाद इसे सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए रिलीज किया जाएगा। वहीं, वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार 'डूम्सडे' के कारण 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' की भी रिलीज डेट को 17 दिसंबर, 2027 तक के लिए आगे बढ़ा दिया है, जहां पहले इसे 7 मई, 2027 के लिए निर्धारित किया गया था।

बीते गुरुवार को डिज्नी ने एवेंजर्स की दोनों फिल्मों की रिलीज डेट में हुए बदलाव की पुष्टि की। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार नए कैलेंडर में स्टूडियो ने अपने शेड्यूल से कई अघोषित मार्वल फिल्मों के टाइटल को हटा दिया है। 13 फरवरी, 2026 की डेट पर निर्धारित मार्वल के एक शीर्षकहीन प्रोजेक्ट के शेड्यूल को भी हटा दिया गया है। इसके अलावा 25 जुलाई 2025 को 'द फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' और 31 जुलाई, 2026 को टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर-मैन' के बीच कोई और मार्वल फीचर फिल्म नहीं रिलीज होने वाली है।

'डूम्सडे' और 'सीक्रेट वॉर्स' मार्वल स्टूडियोज के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण होनी वाली फिल्मों में से एक है। इसमें डॉक्टर डूम के रूप में रॉबर्ट डाउनी जूनियर नजर आएंगे। वहीं, फिल्म में 'थंडरबोल्ट्स', 'फैंटास्टिक 4ः फर्स्ट स्टेप्स' और यहां तक कि 'एक्स-मेन' फ्रैंचाइज के सुपरहीरोज की टीम भी शामिल होंगी। इस वक्त फिल्म का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिसका दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

### टॉलीवुड

# मशहूर रैपर डाबजी दोस्तों के साथ गिरफ्तार, लगा है संगीन इल्जाम

जाने माने रैपर डाबजी और उनके तीन दोस्तों को शनिवार की सुबह केरल के मलप्पुरम से वित्तीय विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया।



पुलिस ने ये जानकारी दी। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाबजी, जिनका मूल नाम मोहम्मद फाजिल है, को मलप्पुरम के कंजियूर निवासी बेसिल की शिकायत के आधार पर देर रात चंगारमकुलम पुलिस ने हिरासत में लिया।

पुलिस के मुताबिक, रैपर और दूसरे तीन आरोपी कथित तौर पर शिकायतकर्ता के घर में घुस गए और कुछ वित्तीय लेनदेन को लेकर वहां हंगामा किया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपियों को जल्द ही हिरासत में ले लिया गया और शनिवार की सुबह प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि रैपर और तीन अन्य पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में उन्हें थाने से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### भोजपुरी

# 400 से ज्यादा केस दर्ज होने पर नेहा ने कहा- ये एफआईआर मेरे लिए मेडल

भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ इन दिनों चर्चा में बनी हुई हैं। सिंगर आय दिन सरकार और पीएम मोदी पर विवादित बयान देती नजर आती हैं जिसे लेकर



उनपर 400 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। अपने ऊपर हुई इतनी एफआईआर पर अब नेहा सिंह राठौड़ ने रिएक्ट किया है और एक नया वीडियो जारी कर दिया है।

नेहा सिंह राठौड़ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने अपने ऊपर हुए 400 से ज्यादा मुकदमों को लेकर कहा है कि वो किसी से डरने वाली नहीं हैं। नेहा सिंह राठौड़ ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है- 'जब खुद 400 पार नहीं कर पाये तो मेरे खिलाफ 400 शिकायतें दर्ज करवा दीं। सुनिए, कबीर मेरे गुरु हैं और मैं किसी सिकंदर लोदी से नहीं डरती।'

नेहा सिंह राठौड़ ने वीडियो में कहा- 'आप 400 क्या, 4 लाख एफआईआर करवा दीजिए मैं नहीं डरूंगी और ना सवाल पूछना बंद करूंगी। मेरे लिए एफआईआर लोकतंत्र की लड़ाई में मेडल की तरह है। आप बनारस 2014 में आए होंगे, मेरा जन्म बनारस में हुआ है और यहीं पली-बढ़ी हूं। ये कबीर की धरती है और कबीर मेरे गुरु हैं। बहुत जल्द पूरा बनारस सवाल करेगा तो क्या आप पूरे बनारस पर एफआईआर करवाएंगे?'

सिंगर ने एक और पोस्ट में लिखा- 'मेरे खिलाफ 400 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। कौन हैं ये 400 लोग? ये वही लोग हैं जिन्होंने सावित्रीबाई फुले के ऊपर कीचड़ फेंका था। सुकरात को जहर पिलाया था। ब्रूनो को जिंदा जलाया था। मीराबाई राठौर को जहर दिया था और सीताजी को अग्निपरीक्षा देने के लिए मजबूर किया था।'

## लाइफ स्टाइल

### प्रिंट की दुनिया



यह सही है कि प्रिंट्स वापस आ गए हैं और हम सभी इसके लिए हैं। मशहूर डिजाइनर पवन सचदेवा ने अपने कलेक्शन 'पीपल ऑफ टुमॉरो' के साथ लैक्मे फैशन वीक में प्रिंट को उभारने की पूरी कोशिश की। दर्शकों के लिए उनका यह कलेक्शन पैटर्न, थीम और प्रक्रियाओं के लिए प्यार को प्रदर्शित करता है।

# बालों का झड़ना एक महीने में रोक देगा ये हेयर मास्क, तरीका बिल्कुल आसान

यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो बाल झड़ने की समस्या से परेशान हैं तो अब आपको घबराने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको बताएंगे कि आप कैसे सिर्फ हेयर मास्क की मदद से बालों का झड़ना रोक सकते हैं। इसके लिए आपको एक घरेलू हेयर मास्क की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए हेयर मास्क बनाने का सामान 1 मध्यम आकार का प्याज, 2 टेबलस्पून मेथी दाना, 1 टेबलस्पून नारियल तेल और 5-6 करी पत्ते चाहिए।

**विधिः** हेयर मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले तो एक दिन पहले ही मेथीदाना को पानी में भिगो दें, ताकि वो अच्छी तरह से फूल जाए। अगले दिन जब से फूल जाए तो इसे छान लें।

अब अगले दिन जब ये सही से फूल जाए तो मेथी दाने के साथ-साथ, कटे हुए प्याज और करी पत्ते को मिक्सी में डालें। सभी चीजों का गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसमें आपको पानी नहीं डालना है। गाढ़ा पेस्ट बनाने के बाद इसमें थोड़ा सा नारियल का तेल डालें और पेस्ट को अच्छी तरह से मिक्स करें। अब ये हेयर मास्क तैयार है।

**ऐसे करें अप्लाई :** अब बारी आती है, इसे सही तरह से अप्लाई करने की। तो इसके लिए सबसे पहले अपने बालों को एक बार शैंपू से धो लें। गंदे बालों पर इसे अप्लाई करने का कोई लाभ नहीं मिलेगा। तो अब पहले बालों को धोकर सुखा लें और फिर इस मास्क को स्कैल्प से लेकर बालों के छोर तक पर अप्लाई करें।

जब ये सही से अप्लाई हो जाए तो हेयर कैप लगा लें, ताकि इसमें



गंदगी न चिपके। अब तकरीबन 40 मिनट इसे ऐसे ही रहने दें। 40 मिनट के बाद अपने बालों को धो लें। चाहें तो इस दौरान शैंपू का इस्तेमाल न करें। यदि शैंपू का इस्तेमाल करना ही है तो वो हल्का शैंपू ही हो।

**मिलेंगे ये फायदेः** अब जान लें कि इस मास्क को इस्तेमाल करके आपको क्या फायदे मिल सकते हैं। यदि आप हफ्ते में तीन बार इस हेयर मास्क का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपके बालों में धीरे-धीरे मजबूती आएगी और चमक बनी रहेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यही होता है।

# ऑफिस में लगना चाहती हैं बेस्ट तो, स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

ऑफिस में न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए को-ऑर्ड सेट बेस्ट आउटफिट है और इसे आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस आउटफिट में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा।




ऑफिस जाने के दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं और ऐसा इसलिए क्योंकि ऑफिस में सभी लोग आपके लुक को जरूर नोटिस करते हैं। ये ही वजह है कि महिलाएं ऑफिस के लिए बेस्ट से बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप ऑफिस में बेस्ट लुक चाहती हैं साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आना चाहती हैं तो, आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट ऑफिस में पहनने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक भी सुंदर नजर आएगा।

### लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

ऑफिस में बेस्ट नजर आने के लिए आप हम आपको 3 लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट ऑफिस में पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

### कॉलर डिजाइन को-ऑर्ड सेट

ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकते हैं। यह को-ऑर्ड कॉलर डिजाइन में है साथ ही, लॉन्ग स्लीव्स में आता है। इस तरह का को-ऑर्ड सेट आप किसी इवेंट या ऑफिस में किसी मीटिंग में शामिल होने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। इस कॉलर डिजाइन वाले ये को-ऑर्ड सेट आप कई सारे कलर ऑप्शन के



साथ 1,500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप फॉर्मल शूज साथ ही, इयरिंग्स इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं।

### स्लीवलेस को-ऑर्ड सेट

ऑफिस जाने के दौरान आप इस तरह का स्लीवलेस डिजाइन वाला को-ऑर्ड सेट वियर कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट स्लीवलेस है साथ ही, ये वेस्टकोट स्टाइल में है, इस तरह का को-ऑर्ड सेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करता है और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

# फेस शेप के अनुसार चुनें नोज पिन, मिलेगा परफेक्ट लुक

अगर आप नोज पिन को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाना चाहती हैं तो आपको हमेशा ही अपने फेस शेप के अनुसार इसे चुनना चाहिए।


### राउंड फेस शेप के लिए नोज पिन

राउंड फेस शेप में गाल भरे हुए होते हैं और चेहरे की लंबाई और चौड़ाई लगभग बराबर लगती है। ऐसे में आपको छोटी स्टड या डेलीकेट पिन्स को चुनना चाहिए, क्योंकि ये चेहरे को और गोल नहीं दिखने देतीं, बस हल्का सा चार्म जोड़ती हैं।

आप चाहें तो वर्टिकल डिज़ाइन्स, जैसे टीयरड्रॉप या लंबी फ्लोरल पिन्स को भी चुन सकती हैं। ये आपके चेहरे को थोड़ा स्लिम लुक देंगी। आपको बड़ी गोल स्टड या बहुत चौड़ी नोज़ रिंग्स पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि ये आपका चेहरा और गोल दिखा सकती हैं।

### ओवल फेस शेप के लिए नोज पिन

ओवल फेस शेप एक बैलेंस्ड फेस शेप मानी जाती है। इस तरह के फेस पर ज्यादातर नोज़ पिन्स सूट करती हैं। आप हूप्स, रिंग्स,



स्टड्स या बोल्ड डिज़ाइन तक काफी कुछ ट्राई कर सकती हैं। अगर कुछ ड्रामेटिक चाहिए तो स्टोन या झुमके वाली नोज़ पिन्स पहनें। आप नोज पिन में सिंपल से लेकर स्टेटमेंट तक सब कुछ स्टाइल कर सकती हैं।

### हार्ट फेस शेप के लिए नोज पिन

इस तरह के चेहरे में माथा चौड़ा होता है, जबकि प्वॉइंटेड चिन और उभरे हुए गाल होते हैं। इस तरह के चेहरे के लिए छोटे व नाजुक स्टड्स जैसे टिनी डायमंड्स, मोती या फ्लोरल डिज़ाइन्स काफी अच्छे माने जाते हैं। ये आपके चेहरे को और भी खूबसूरत व बैलेंस्ड दिखाते हैं। आप चाहें तो छोटे-छोटे हूप्स भी पहन सकती हैं, लेकिन वे ज्यादा भारी ना हो।

# शादी के मौके पर बालों को न्यू लुक देनें अपनाएं हेयर एक्सेसरीज

बालों को न्यू लुक देने के लिए आप इस तरह की हेयर एक्सेसरीज ट्राई कर सकती हैं और इस तरह की एक्सेसरीज आपके लुक को स्टाइलिश और न्यू टच देने का काम करेगा।

### हेयर एक्सेसरीज करें ट्राई

आपको हेयर एक्सेसरीज दिखा रहे हैं। इस तरह की हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को न्यू, स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक देने का काम करेगी और इन हेयर एक्सेसरीज को आप अपने आउटफिट के हिसाब से ट्राई कर सकती हैं।

### आर्टिफिशियल फ्लावर

बालों को न्यू लुक देने के लिए आप इस तरह की आर्टिफिशियल फ्लावर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस आर्टिफिशियल फ्लावर में जहां फूल लगे हुए हैं साथ ही इसमें पर्ल वर्क भी किया हुआ है। इस तरह काआर्टिफिशियल फ्लावर आप बन हेयरस्टाइल बना सकती हैं। और ये हेयर स्टाइल आप सूट या साड़ी के साथ बनवा सकती हैं।

### फ्लोरल हेयर पिन

अगर आप अपने बालों को खुला करके स्टाइल कर रही हैं तो, आप फ्लोरल हेयर पिन लगा कर इन्हें न्यू लुक दे सकती हैं। इस तरह का हेयर पिन लगाकर ये हेयर स्टाइल आप लहंगे



के साथ स्टाइल कर सकती हैं और इस हेयर एक्सेसरीज को लगाने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा।

## कार्नर न्यूज

### व्रत के दौरान 16 श्रृंगार करना हो तो इन टिप्स पर जरूर ध्यान दें

# वट सावित्रि व्रत की तैयारी में इनके बिना अधूरा है आपका सुहागिन लुक, पहले से रख लें अपने पास

इस साल 26 मई यानी कि सोमवार के दिन वट सावित्री का व्रत रखा जाएगा। ऐसे में विवाहित महिलाओं ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इस व्रत में महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति की लंबी उम्र और तरक्की की कामना करती हैं। यदि आप भी वट सावित्री व्रत रखती हैं तो इस दिन खास तरह से तैयार अवश्य होती होंगी, क्योंकि इस पूजा में 16 श्रृंगार करने की परंपरा है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनके बिना आपका 16 श्रृंगार भी अधूरा है। ये चीजें सुहाग की निशानी है, इसलिए किसी भी पूजा के समय इसे कैरी करना काफी अहम माना जाता है।

### मंगलसूत्र

सुहागिन महिलाओं के लिए मंगलसूत्र काफी खास होता है। इसे शादी वाले दिन दूल्हा उनके गले में पहनाता है। यदि आप वट सावित्री का व्रत रख रही हैं तो गले में मंगलसूत्र पहनना तो कतई न भूलें। ये सुहागिन महिलाओं की सबसे अहम निशानी है। पारंपरिक काले



मोतियों वाला मंगलसूत्र लुक को भी खूबसूरत बनाने का काम करता है।

### सिंदूर

मंगलसूत्र के साथ-साथ सिंदूर भी सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है सुहागिन महिलाएं चाहे कुछ भी भूल जाएं लेकिन मांग में सिंदूर लगाना नहीं भूलतीं। ये सुहागिन का सबसे प्रमुख चिन्ह माना जाता है। इसलिए तैयार होते वक्त इसका ध्यान रखें।

### हाथों में कांच की चूड़ियां

हाथों में खन-खन करती कांच की चूड़ी न सिर्फ आपके लुक को खूबसूरत बनाने का काम करेंगी, बल्कि इसे कैरी करने से आपका लुक



कंप्लीट भी होगा। कांच की चूड़ियां भी सुहागिन महिलाओं की निशानी होती है। यदि आपके पास आपकी शादी का चूड़ा रखा है, तो उसे ही कैरी करें।

### बिछिया

पैरों की उंगलियों में शादीशुदा महिलाएं बिछिया पहनती हैं। ये चांदी से बना गहना होता है जो देखने में काफी प्यारा लगता है। वट सावित्री व्रत के लिए तैयार हो रही हैं तो पैरों में बिछिया अवश्य पहनें। ये भी सुहाग की निशानी होती है।

### मेहंदी

बात जब 16 श्रृंगार की हो रही है और मेहंदी का जिक्र न हो,ये तो हो ही नहीं सकता। मेहंदी शादीशुदा महिलाओं का अहम श्रृंगार होती है। इसे आप पूजा के एक दिन पहले रात में लगाएं, ताकि अगले दिन जब आप सोकर उठें तो आपके हाथों की मेहंदी सबसे प्यारी और खूबसूरत दिखे। अपनी मेहंदी में अपने पति का नाम अवश्य लिखवाएं।